RNI No. CHHHIN/2009/35020


नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्षः -15 ◆ अंकः 349    डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, सोमवार 16 अक्टूबर 2023





पेज -7 पर नवरात्रि के प्रथम दिवस मां दुर्गा के नौ रूप मां दुर्गा की पूजा ...

मां दुर्गा स्थापना के पूर्व गाजे बाजे के साथ निकली कलश यात्रा पेज -8 पर



## विधानसभा में कौन किस पर भारी, क्या भाजपा का कमल फिर खिलेगा लैलूंगा में ?




जोहार छत्तीसगढ़- लैलूंगा।

छत्तीसगढ़ में चुनावी बिगुल बज चुका है, रायगढ़ जिले में 17 नंवबर को चुनाव होना है, भाजपा 85 सीट पर उम्मीदवार घोषित कर दिया है, कांग्रेस आज 30 प्रत्याशियों की लिस्ट जारी किया है। भाजपा ने लैलूंगा सीट से पूर्व संसदीय सचिव सुनीति राठिया को प्रत्याशी बनाया है, तो वहीं कांग्रेस में टिकट को लेकर घमासान मचा हुआ है।

लैलूंगा सीट से कांग्रेस के कई दिग्गजों ने टिकट की मांग की है, लेकिन वर्तमान विधायक चक्रधर सिदार और पूर्व विधायक ह्रदयराम राठिया के बीच टिकट को लेकर घमासान मचा हुआ है पार्टी हाईकामन इन दो नामों पर विचार करेगी। दो-चार दिन में साफ हो जायेगा कि किसका टिकट कटा किसको टिकट मिला। अब देखते हैं कि सुनीति राठिया, चक्रधर सिंह सिदार और ह्रदयराम राठिया में कौन किस पर भारी है इस विधानसभा में कौन अपनी पार्टी की नैया पार कर सकते हैं, छत्तीसगढ़ बनने के बाद से अगर हम इस विधानसभा पर नजर दौड़ये तो साफ नजर आता है कि इस विधानसभा में कोई भी दो बार जीत कर नहीं आये हैं। 2003 की चुनाव में भाजपा के सत्यानंद राठिया, 2008 में कांग्रेस के ह्रदयराम राठिया फिर 2013 में भाजपा के सुनीति राठिया उसके बाद 2018 के चुनाव में एक बार फिर परिवर्तन करते हुए कांग्रेस के चक्रधर सिंह सिदार को क्षेत्र के जनता ने विधायक बनाया है। ये सिलसिला अगर जारी रहा तो लैलूंगा सीट में फिर एक बार सुनीति राठिया कमल खिला सकती है।

### कौन किस पर पड़ेगा भारी

लैलूंगा सीट से भाजपा ने सुनीति राठिया को टिकट देकर अपना पत्ता खोल दिया है, सुनीति राठिया 2013 विधानसभा चुनाव में लैलूंगा क्षेत्र के गद्दावार आदिवासी नेता ह्रदयराम राठिया को पराजय कर विधायक बनी थी, विधायक बनने के बाद रमन सरकार में सुनीति राठिया संसदीय सचिव रही। सुनीति राठिया पूर्व मंत्री सत्यानंद राठिया की धर्मपत्नी है, सुनीति राठिया तेज तर्रार भाजप नेत्री है, इनके विधायकी कार्यकाल



में इनके चमचेनुमा नेताओं ने क्षेत्र में खुब भ्रष्टाचार कर मालामाल हुए। जिसके कारण पार्टी ने 2018 के चुनाव में सुनीति राठिया का टिकट कांटकर उनके पति सत्यानंद राठिया को टिकट दिया था। लैलूंगा से सुनीति राठिया को टिकट मिलने से पार्टी कार्यकर्ताओं में भी खुशी दिखाई नहीं दे रही है, ऐसा लगता है कि लैलूंगा विधानसभा में इस परिवार के अलावा और कोई नेता चुनाव लड़ने लायक इनके पार्टी में है ही नहीं, क्योंकि हर चुनाव में पति-पत्नी को ही भाजपा टिकट दे रही है। भाजपा की इस नीति से कार्यकर्ता सहित क्षेत्र की जनता में भाजपा के प्रति काफी नारागी देखने को मिल रही है। हम आपको बता दे कि ये वहीं सुनीति राठिया है जो क्षेत्र कि समस्या को बताने वाले पत्रकारों को मारने पीटने की धमकी तक देती थी। वहीं वर्तमान कांग्रेसी विधायक चक्रधर सिंह सिदार सीधे स्वभाव एवं सरल आदिवासी नेता है, इनका सरलता का नाजायज फायदा इनके छुटभइया नेताओं नें खुब उठया जिसके चलते आज क्षेत्र में विधायक चक्रधर सिंह सिदार का खुब विरोध हो रही है, क्षेत्र की जनता विधायक चक्रधर सिदार को टिकट न देने की मांग कर रहे हैं। ईसाई सामुदाय ने तो पत्र लिखकर विधायक चक्रधर सिंह सिदार का विरोध कर रहे हैं और विधायक सिदार पर कई आरोप लगा रहे हैं, इस 5 साल में लैलूंगा विधानसभा में विकास न के बराबर हुआ है लेकिन इनके दलालनुमा नेता जरूर मालामाल हो गये हैं? विधायक पर लोग भ्रष्टाचार का भी आरोप लगा रहे हैं जब क्षेत्र की जनता ही चक्रधर सिदार को टिकट ना देने की मांग कर रहे हैं तो कांग्रेस पार्टी को इस मुद्दे पर ध्यान देना चाहिए और एक जीताऊ प्रत्याशी को टिकट देना चाहिए नहीं तो कांग्रेस के हाथ से लैलूंगा सीट खिसकना लगभग तैय है। कांग्रेस पार्टी से टिकट की मांग कर रहे लैलूंगा क्षेत्र के कद्दावार आदिवासी नेता ह्रदयराम राठिया की बात करें तो ह्रदयराम राठिया 2008 के चुनाव में भाजपा शासन में मंत्री सत्यानंद राठिया को भारी मतों से पराजय कर विधायक बने थे, विधायक ह्रदयराम राठिया को उत्कृष्ट विधायक का सम्मान दिया गया था, ह्रदय राम राठिया की पकड़ क्षेत्र में बहुत अधिक है, 2018 के चुनाव में ह्रदयराम राठिया जोगी कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़े थे लेकिन एक बार फिर घर वापसी करते हुए कांग्रेस पार्टी में वापसी किया है, घर वापसी करने के बाद से ही पूर्व विधायक ह्रदयराम राठिया क्षेत्र में सक्रिय हो गये हैं और कांग्रेस पार्टी से लैलूंगा विधानसभा से टिकट की मांग किये हैं, क्षेत्र की जनता की मांग भी है कि लैलूंगा विधानसभा से कांग्रेस एक बार फिर ह्रदयराम राठिया को टिकट देकर प्रत्याशी बनाये और लैलूंगा का प्रतिनिधित्व करने का मौका दे, लैलूंगा में एक तरफ विधायक चक्रधर सिंह सिदार का जोरदार विरोध, दूसरी और भाजपा अपरजय प्रत्याशी को टिकट देकर चक्रधर की मुश्किल बड़ा दिया है, सुनीति राठिया अब तक एक भी चुनाव नहीं हारी है। हां एक बात तो साफ है कि अगर कांग्रेस टिकट में परिवर्तन नहीं करते हैं और वर्तमान विधायक चक्रधर सिंह सिदार को टिकट देते हैं तो भाजपा कांग्रेस पर भारी पड़ेगी और भाजपा का कमल एक बार फिर लैलूंगा में खिलेगा। वहीं कांग्रेस अगर सिटिंग एमएलए का टिकट काट कर पूर्व विधायक ह्रदयराम राठिया को प्रत्याशी बनता है तो लैलूंगा सीट में भाजपा को जीत हासिल करने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा, क्योंकि ह्रदयराम राठिया को विधानसभा क्षेत्र की जनता बहुत अधिक पंसद करते हैं और क्षेत्रवासियों की मांग भी है कि कांग्रेस पार्टी एक ऐसे कद्दावार नेता को टिकट दे जो भाजपा को कड़ी टक्कर दे और जीत हासिल कर सकें। ऐसे में देखा जा रहा है कि लैलूंगा विधानसभा में ह्रदयराम राठिया इन सब पर भारी है।

जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

## एक नजर

### बसपा ने तीसरी सूची जारी कर प्रत्याशियों के नाम का किया ऐलान




**रायपुर.** बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशियों की तीसरी सूची जारी कर दी. तीसरी सूची में 4 प्रत्याशियों का नाम है. ये चारों प्रत्याशी मुंगेली बिलासपुर, आरंग और अहिवारा के हैं. जिनके नाम की घोषणा की गई है. फिलहाल 60 प्रत्याशियों के नाम की सूची आना बाकी है। बता दें कि, बीएसपी ने विधानसभा चुनाव के लिए 4 और प्रत्याशियों के नाम का एलान कर दिया है. ऐसे में बीएसपी ने अब तक कुल मिलाकर 30 प्रत्याशियों का नाम जारी किया है. बसपा ने बिलासपुर से श्रद्धा सैमसन को अपना प्रत्याशी चुना है. वहीं मुंगेली से समारू भास्कर, आरंग से एड संतोष मारकंडे और अहिवारा से इंदर पूर्णिमा लहरे को अपना प्रत्याशी बनाया है।

## छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के 30 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी

### 8 विधायकों का टिकट कटा, पहले चरण की 20 सीटों में से 19 पर उम्मीदवार घोषित

रायपुर। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने रविवार को 30 प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत सभी 13 मंत्री और विधानसभा अध्यक्ष शामिल हैं।



भूपेश बघेल पाटन | टीएस सिंहदेव अंबिकापुर | डॉ चरणदास महंत, सक्ती | दीपक बैज चित्रकोट

जबकि पूर्व एक मंत्री सहित 8 विधायकों के टिकट काटे गए हैं। पहले चरण के 20 सीटों पर मतदान होना है। ऐसे में उसके 19 प्रत्या शी घोषित कर दिए गए हैं। सिर्फ जगदलपुर सीट से प्रत्याशी का ऐलान नहीं किया गया है। जिन विधायकों का टिकट काटा गया है, उनमें पंडरिया से ममता चंद्राकर, खुज्जी से छन्नी साहू, चित्रकोट से राजमन बेंजाम, दंतेवाड़ा से देवती कर्मा, अंतागढ़ से अनूप नाग, डोंगरगढ़ से भुवनेश्वर बघेल, नवागढ़ से गुरुदयाल बंजारे, कांकेर से शिशुपाल सोरी का नाम शामिल हैं। राजमन बेंजाम की जगह प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और सांसद दीपक बैज चुनाव लड़ेंगे। कर्मा परिवार से देवती कर्मा की जगह अब उनके बेटे छविंद्र कर्मा को मौका मिला है।

### सूची में एससी के 3, एसटी के 14 कैंडिडेट

कांग्रेस की पहली 30 नामों की सूची में अनुसूचित जाति वर्ग के 3 और अनुसूचित जनजाति वर्ग के 14 उम्मीदवार के नामों की घोषणा की है। 4 महिलाओं को प्रत्याशी बनाया है। 1 अल्पसंख्यक वर्ग के नेता मोहम्मद अकबर को टिकट दिया गया है।

### मंत्री की तीसरी बार बदली सीट

गुरु रुद्र कुमार आरंग और अहिवारा से चुनाव लड़ चुके हैं। इस बार उन्हें नवागढ़ से टिकट दिया गया है। वहीं दुर्ग ग्रामीण से ताम्रध्वज साहू, डोंगरगांव से दलेश्वर साहू, खुज्जी से भोलाराम साहू को मौका मिला है। पिछली बार भोलाराम साहू का टिकट काटकर छन्नी साहू को दिया गया था। इस बार छन्नी साहू की जगह भोलाराम साहू को मिला है।

### खैरागढ़ से यशोदा वर्मा को टिकट

2018 में खैरागढ़ सीट से जेसीसीजे उम्मीदवार देवव्रत भगत जीते थे, बाद में वे कांग्रेस में शामिल हो गए। उनके निधन के बाद हुए हुए उप चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी यशोदा वर्मा ने जीत दर्ज की।

### सीएम बोले- छत्तीसगढ़ महतारी का मिलेगा आशीर्वाद

सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि, छत्तीसगढ़ महतारी का आशीर्वाद मिला है। अब क्षेत्र की जनता भी आशीर्वाद देगी। विधानसभा चुनाव 2023 के लिए आज नवरात्रि के प्रथम दिन, शुभ अवसर पर प्रत्याशियों की सूची जारी हुई है। सभी प्रत्याशियों को ढेर सारी शुभकामनाएं। पाटन विधानसभा से पुनः मौका देने के लिए नेतृत्व का आभार।

### शिव डहरिया ने कहा- इस बार 90 सीट जीतेंगे

मंत्री शिव डहरिया ने कहा कि, मल्लिगार्जुन खड़गे, कुमारी सैलजा का आभार कि मुझे मौका दिया। आरंग से फिर से मौका दिया। पिछले चुनाव में 68 सीट थी, 5 उपचुनाव जीते थे। इस बार 75 नहीं, 90 सीटें जीतेंगे। भूपेश बघेल के नेतृत्व में बेहतर काम किया है। सारी घोषणाएं पूरी की।

## नवरात्रि के पहले दिन जारी पहली सूची में कांग्रेस ने 'नारी शक्ति' पर जताया भरोसा



**रायपुर।** कांग्रेस ने नवरात्रि के पहले दिन अपनी चिर-प्रतीक्षित प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है. छत्तीसगढ़ विधानसभा के पहले चरण में होने वाले 20 सीटों के लिए चुनाव में से 19 सीटों के लिए प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं, जिनमें से 4 सीटों पर 'नारी शक्ति' पर भरोसा जताया है।

कांग्रेस ने अपनी पहली सूची में तीन महिला विधायकों के स्थान पर पुरुष उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी गई है. इनमें पंडरिया से ममता चंद्राकर की जगह नीलकंठ चंद्रवंशी, खुज्जी से छन्नी साहू की जगह भोला राम साहू और दंतेवाड़ा से देवती कर्मा के बदले छबिंद्र कर्मा शामिल हैं।



वहीं डोंगरगढ़ सीट पर भुनेश्वर बघेल की जगह हर्षिता बघेल को मौका दिया गया है. इसके साथ ही खैरागढ़ से यशोदा वर्मा, भानुप्रतापपुर से सावित्री मंडावी और डौंडी लोहारा अनिल भेड़िया को फिर से रिपीट कर पार्टी ने उन पर अपना भरोसा बरकरार रखा है।

## राजनांदगांव में पूर्व सीएम के सामने गिरीश, कई विधायकों की कटी टिकट

**रायपुर।** कांग्रेस ने आज अपने 30 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी की है। पार्टी ने सीएम, डिप्टी सीएम सहित सभी मंत्रियों और विधानसभा अध्यक्ष को टिकट दिया है। लेकिन कुछ विधायकों की टिकट काट दी है। राजनांदगांव सीट से पार्टी ने गिरीश देवानगांव को टिकट दिया है। बीजेपी की तरफ से इस सीट से पूर्व सीएम डॉ रमन सिंह प्रत्याशी हैं। कांग्रेस ने




शिशुपाल शोरी का टिकट काट दिया है। वहीं दंतेवाड़ा सीट से देवती कर्मा के बदले उनके पुत्र छबिंद्र कर्मा को टिकट दिया गया है। इसी तरह पंडरिया सीट से ममता चंद्राकार का टिकट काट दिया गया है।

पार्टी ने पीसीसी चीफ दीपक बैज को फिर से चित्रकोट सीट से मैदान में उतारा है। बैज 2013 और 2018 में इस सीट से जीत चुके है। कांग्रेस ने पंडरिया विधायक ममता चंद्राकर का टिकट काटकर नीलकांत चंद्रवंशी को मैदान में उतारा है। डोंगरगढ़ से विधायक भूवेश्वर बघेल का टिकट कट गया है।

*नवरात्रि के पहले दिन सूची जारी कर सनातन प्रेमी होने का ढोंग कर रही कांग्रेस*

## सरकार ने कुछ नहीं किया और ठीकरा विधायकों पर फोड़ रहे- अरुण साव

*रायपुर. कांग्रेस की पहली सूची जारी होने को लेकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कांग्रेस पर वार किया है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी नवरात्रि के पहले दिन सूची जारी कर अपने आपको सनातन प्रेमी होने का ढोंग कर रही है. जबकि सनातन प्रेमियों से घृणा करने का काम कांग्रेस पार्टी ने किया है।*

अरुण साव ने कहा कि पार्वती मईया के साथ अभद्रता का मामला हो, मोहला मानपुर, बिरनपुर की घटना हो, बिरनपुर मामलें में न्यायलय का जो फैसला आया हो, ये सब बताता है कि कांग्रेस ने सनातन से हमेशा घृणा की है।

### विधायकों पर ठीकरा फोड़ रही कांग्रेस- अरुण साव

*साव ने कहा कि कांग्रेस को अपने 8 विधायकों की टिकट काटनी पड़ी है. जो ये बताता है कि सरकार ने प्रदेश की जनता के लिए*



*कुछ नहीं किया और उसका ठीकरा विधायकों पर फोड़ने का काम कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार को संरक्षण देने वालों को कांग्रेस ने फिर से प्रत्याशी बनाकर बता दिया कि वे आगे भी भ्रष्टाचार करना चाहेंगे. लेकिन जनता इनको सबक सिखाने के लिए तैयारी है.*

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने दी जानकारी

## कांग्रेस की दूसरी सूची 18 या 20 अक्टूबर को होगी जारी

रायपुर। कांग्रेस की दूसरी सूची 18 या 20 अक्टूबर को जारी होगी. इसके लिए 17 अक्टूबर को बैठक होगी, जिसके बाद सूची जारी करना हाईकमान के हाथ में है. यह बात प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कही।

कांग्रेस की पहली सूची जारी होने के बाद पीसीसी चीफ दीपक बैज ने पत्रकारों से चर्चा में पहली सूची में पहले चरण के साथ दूसरे चरण के लिए घोषित पार्टी प्रत्याशियों को शुभकामनाएं दी. उन्होंने कहा कि पार्टी के प्रत्याशी ऐतिहासिक मतों के साथ जीतकर आएंगे. पहले चरण की ज्यादातर सीटों पर प्रत्याशी जीत हासिल करेंगे. सात विधायकों की टिकट काटे जाने पर बैज ने कहा कि सीईसी-हाई कमान ने निर्णय लिया है. और जो निर्णय लिया गया है, वह हम सबको स्वीकार है. नवागढ़ सीट पर




वर्तमान कांग्रेस विधायक का टिकट काटे जाने पर बैज ने कहा कि एक-एक सीट पर चर्चा कर फैसला लिया है. हाई कमान का निर्णय सबके लिए स्वीकार्य है, और कहीं नुकसान नहीं होगा. वहीं जगदलपुर सीट से प्रत्याशी घोषित नहीं किए जाने के सवाल पर कहा कि इसके लिए मंथन जारी है.

### प्रचार करने के लिए नहीं जाऊंगा चित्रकोट

*चित्रकोट से पार्टी प्रत्याशी बनाए जाने के सवाल पर दीपक बैज ने कहा कि हाईकमान का निर्णय सर्वोपरी है. मैने पहले ही चित्रकोट की जनता से पहले ही कहा चुका हूं कि चाहे मुझे टिकट मिले या नहीं मिले. यहां से जिस कांग्रेस प्रत्याशी को टिकट मिले, उसे ऐतिहासिक मतों से जिताना है. उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष होने के नाते मेरे पर बस्तर के पूरे 12 सीटों के अलावा बाकी क्षेत्र की भी जिम्मेदारी है।*

# नजरिया: कांग्रेस और भाजपा की परीक्षा, देश की सबसे पुरानी पार्टी का सब कुछ दांव पर

चुनाव आयोग ने सोमवार, नौ अक्तूबर को पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों की तारीखों का एलान किया। इससे यह अनुमान ध्वस्त हो गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक देश-एक चुनाव की शुरुआत करने जा रहे हैं। मैं लंबे समय से कहता आ रहा हूं कि एक देश-एक चुनाव मुमकिन नहीं है, और 2023 या 2024 में तो बिल्कुल ही संभव नहीं है। कुछ टिप्पणीकारों ने पांच राज्यों के इन चुनावों को एनडीए और इंडिया के बीच की परीक्षा बताया है।

मेरे विचार इससे अलग हैं। जदयू, शिवसेना, अकाली दल और अन्नाद्रमुक के बाहर निकल जाने के बाद पुराना एनडीए तो अब रहा नहीं। एनडीए में सिर्फ भाजपा ही है, और विकीपीडिया के मुताबिक, इसमें जो 34 पार्टियां हैं, ज्यादातर लोग इनमें से एक से अधिक पार्टी का नाम नहीं बता सकते। एनडीए वस्तुतः भाजपा का ही दूसरा नाम है! दूसरी ओर, विपक्षी गठबंधन के रूप में इंडिया है जरूर, लेकिन नवंबर में जिन पांच राज्यों में चुनाव होने हैं, वहां कांग्रेस का ही सब कुछ दांव पर लगा है। छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में कांग्रेस और भाजपा के बीच सीधी लड़ाई है।

तेलंगाना में तीसरी पार्टी के रूप में सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति है, जो कांग्रेस और भाजपा, दोनों का विरोधी होने का दावा करती है। ऐसे ही मिजोरम में तीन क्षेत्रीय पार्टियों और कांग्रेस के बीच चतुष्कोणीय मुकाबला है; भाजपा तो वहां लड़ाई में भी नहीं है।

### प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ रणनीतियां

इसलिए मेरा मानना है कि पांच राज्यों में होने जा रहा चुनाव भाजपा और कांग्रेस के बीच शक्ति परीक्षण है। हालांकि चुनावी तैयारियों के लिए भाजपा पहले सक्रिय हुई। और उसकी तमाम चुनावी रणनीतियां जानी पहचानी हैं ः प्रत्याशियों का नाम पहले घोषित करना, मुख्यमंत्री के लिए किसी के नाम की घोषणा न करना, चुनावी रैलियों में श्रीमान मोदी की सर्वत्र और सर्वोच्च उपस्थिति, अगाध पैसा और विपक्ष को डराने के लिए जांच एजेसियों का दुरुपयोग।

भाजपा के विपरीत कांग्रेस ने चुनाव आयोग द्वारा तारीखों की घोषणा के समय तक अपने प्रत्याशियों का एलान नहीं किया था। यह कांग्रेस की एक कमजोरी रही है। अलबत्ता इस बार कांग्रेस तीन बड़े राज्यों-राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री के चेहरे के साथ चुनाव में उतरेगी, आधिकारिक रूप से इसका एलान भले न किया जाए। हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक के चुनावों के अनुरूप संबंधित राज्यों के नेता चुनाव अभियानों की अगुवाई करेंगे और राष्ट्रीय नेता मदद करने वालों की भूमिका में होंगे।




वर्ष 2018 के चुनावों में इन पांचों राज्यों में भाजपा हारी थी। आज राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सत्ता में है। मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार गिराकर भाजपा सत्ता में आई। जबकि मिजोरम और तेलंगाना में क्षेत्रीय पार्टियों की सरकारें हैं। जाहिर है, इन पांचों राज्यों में स्थिति एक समान नहीं है, और हर राज्य में हर पार्टी की संभावनाएं अलग-अलग कारणों पर निर्भर करती हैं। मैं कोई भविष्यवाणी नहीं करना चाहता। सूचनाओं व विभिन्न रिपोर्टों को एक साथ जोड़कर सावधानीपूर्वक तैयार किया गया यह एक प्रारंभिक आकलन हैः

छत्तीसगढ़ः इस राज्य ने तीन मुख्यमंत्री देखे हैं-दिवंगत अजीत जोगी (2000-2003), रमन सिंह (2003-2018) और भूपेश बघेल (2018 से अब तक)। इस आशंका का कोई कारण नहीं है कि यहां सत्ता विरोधी लहर काम करेगी। छत्तीसगढ़ एक प्रमुख धान उत्पादक राज्य बन गया है और यहां के किसान अब पहले से काफी समृद्ध हैं। इसके अलावा बघेल सरकार ने विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं और आदिवासी गौरव को भी प्रमुखता दी गई है। आदिवासियों और ओबीसी ताकतवर बनेंगे, लेकिन आम तौर पर माना जा रहा है कि सत्ता कांग्रेस के पास रहेगी। निजी बातचीत में भाजपा भी इससे इन्कार नहीं करती।

मध्य प्रदेशः कमलनाथ राज्य के लोगों को यह भूलने नहीं देंगे कि भाजपा ने जोड़-तोड़ से राज्य की सत्ता पर कब्जा किया था। ऐसा लगता है कि राज्य के लोग भी 2020 की धोखाधड़ी को भूले नहीं हैं। शिवराज सिंह बूढ़े तथा थके हुए चेहरे हैं, तथा भाजपा नेतृत्व ने अनेक तरह से यह संकेत दिया है कि चौहान पर उनका भरोसा नहीं है। ऐसे में, भाजपा नेतृत्व ने कई वरिष्ठ नेताओं के दिल में, जिनमें कुछ केंद्रीय मंत्री भी हैं, मुख्यमंत्री बनने की महत्वाकांक्षा जगा दी है। भाजपा वर्ष 2003 से अब तक, बीच के15 महीनों को छोड़कर, राज्य की सत्ता में है, और अब यहां सत्ता परिवर्तन के संकेत हैं।

राजस्थानः यहां 1990 से ही हर पांच साल में सत्ता परिवर्तन की परिपाटी रही है। हालांकि ऐसा लगता है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपनी पार्टी को एकजुट रखा है, और विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं भी चलाई हैं।

दूसरी तरफ भाजपा की राह आसान इसलिए नहीं है, क्योंकि आज तक वसुंधरा राजे और उनके समर्थकों को भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने महत्वहीन बनाए रखा है। इस राज्य में चुनाव बेहद दिलचस्प होने वाला है।

तेलंगानाः यह देखना आश्चर्यजनक है कि इस राज्य ने चुनावी लड़ाई में भाजपा को तीसरे नंबर पर धकेल दिया है। कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक के बाद विगत 17 सितंबर को तुक्कुगुडा में हुई कांग्रेस की रैली में लोगों की इतनी भीड़ मैंने वर्षों बाद देखी। भारी भीड़ के अलावा गौरतलब यह भी था कि लगभग 40 फीसदी लोग 15 से 29 साल के युवा थे।

पी. चिदंबरम

## संपादकीय

### वायु प्रदूषण की चुनौती

वैसे तो हवा में प्रदूषकों की मात्रा का 50 अंक से ऊपर जाना ही हानिकारक होता है, लेकिन यह 300 से ऊपर पहुंच जाए, तो फिर सांस लेना भी खतरनाक हो जाता है। दिल्ली में हर साल यह मात्रा 300 से ऊपर पहुंचती है। दिल्ली और आसपास के इलाकों को इस वर्ष अब तक राहत महसूस हो रही थी। इस साल थोड़े-थोड़े अंतराल पर पर्याप्त बारिश होती रही, जिससे कई वर्षों से चली आ रही वायु प्रदूषण की समस्या यहां के लोगों को नहीं झेलनी पड़ी। लेकिन अक्टूबर आते ही फिर से वायु प्रदूषित होने की खबरें आने लगीं। यह चिंता इस हफ्ते सुप्रीम कोर्ट तक पहुंची है। तो न्यायायल ने वायु प्रदूषण प्रबंधन आयोग से हवा साफ रखने के लिए उठाए गए कदमों पर जवाब मांगा है। कोर्ट ने पराली जलाने और अन्य कारणों से होने वाले प्रदूषण के बारे में न्यामित्र के रूप में सुप्रीम कोर्ट की सहायता कर रही वरिष्ठ वकील अपराजिता सिंह की दलीलों को सुना। कोर्ट को बताया गया कि ठंड की शुरुआत और दीवाली आने के साथ ही वायु प्रदूषण की समस्या और बढ़ने वाली है। इसके संकेत पहले से मिल रहे हैं। इस बीच दिल्ली सरकार ने शीतकालीन कार्ययोजना के तहत सात अक्टूबर से सात नवंबर तक एंटी डस्ट कैंपेन की शुरूआत की है। बहरहाल, पराली जलाने की समस्या का कोई समाधान अभी सामने नहीं है। खेतों से फसल काट लेने के बाद पराली को जलाना पंजाब और हरियाणा सहित कई दूसरे राज्यों में भी आम बात है।

# सनातन धर्म व अखंड भारत के स्टार प्रचारक बन गये हैं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर आगे कहा कि सिर्फ एक व्यक्ति की जिद की वजह से देश का विभाजन हुआ। लाखों लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। भारत का एक बड़ा भू भाग पाकिस्तान के रूप में भी चला गया। सिंधी समाज ने उस दर्द को सबसे अधिक झेला है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अब कुशल नेतृत्व कर्ता, प्रदेश में समाज के हर वर्ग के विकास के संवाहक के साथ ही सनातन धर्म व अखंड भारत के स्टार प्रचारक भी बन चुके हैं। सनातन धर्म और अखंड भारत को लेकर मुख्यमंत्री योगी जी के बयानों की चर्चा अब भारतीय मीडिया में ही नहीं अपितु विदेशों में भी हो रही है। योगी जी की सनातन धर्म पर स्पष्टवादिता से भारत की संपूर्ण सेक्युलर जमात में खलबली मच गई है और उनके उत्तर देने के प्रयास में सनातन विरोधी सिद्ध होती जा रही है। तमिलनाडु के द्रमुक नेता उदय निधि द्वारा सनातन धर्म का उन्मूलन करने वाले शर्मनाक बयान के बाद से ही योगी सक्रिय हैं और अब सनातन धर्म की विशेषताओं की चर्चा करने का कोई भी अवसर नहीं चूकते।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आज उत्तर प्रदेश के हिंदू आस्था के सभी केंद्रों, प्रतीकों का विकास व सम्मान हो रहा है। अयोध्या, मथुरा, काशी के साथ ही अन्य छोटे छोटे धार्मिक महत्व के स्थलों का विकास हो रहा है तथा उनके सुंदरीकरण व विस्तार की योजनाओं पर काम चल रहा है जिसके कारण सनातन समाज में प्रसन्नता की लहर है। उधर, कांग्रेस के नेतृत्व में संपूर्ण विपक्ष जातिगत जनगणना के नाम पर हिंदू समाज को बांटने की रणनीति पर काम कर रहा है इधर योगी की स्पष्टवादिता है कि सनातन धर्म ही एकमात्र मात्र धर्म है।

सनातन धर्म के तेजस्वी प्रतिनिधि के रूप में योगी जी की लोकप्रियता तीव्रता के साथ बढ़ रही है। जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव हैं वहां पर स्टार प्रचारक के रूप में सबसे अधिक डिमांड योगी आदित्यनाथ की ही हो रही है। हर राज्य की जनता चाहती है कि उनके यहां पर भी योगी जी जैसा ही मुख्यमंत्री हो। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आर्य समाज के कार्यक्रम में कहा कि आर्यसमाज के संस्थापक दयानंद सरस्वती जी ने घर वापसी का जो अभियान आरम्भ किया था उसे फिर से प्रारंभ किया जाये। आर्य समाज ने वैदिक संस्कृति के प्रसार के लिए जो कार्य किये थे उन्हे भी पुनः प्रारम्भ किया जाये। योगी के बयानों से सपा, बसपा, कांग्रेस सहित सभी सेक्युलर दल बुरी तरह से चिढ़ गये और विकृत मानसिकता से सराबोर होकर बयानबाजी करने लगे। इसी प्रकार गोरखपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में योगी ने स्पष्ट रूप से कहा कि सनातन ही एकमात्र धर्म है बाकी सब संप्रदाय और उपासना पद्धतियां हैं। तमिलनाडु के द्रमुक नेता उदयनिधि को करारा जवाब देते हुए योगी ने कहा कि सनातन धर्म मानवता का धर्म है। यदि सनातन धर्म पर आघात होगा तो विश्व की मानवता पर संकट आ जएगा। योगी के एक के बाद एक वक्तव्यों से मुस्लिम तुष्टिकरण करने वाले दलों की छटपटाहट स्पष्ट रूप से दिखलाई पड़ रही है, इन दलों को कोई उत्तर नहीं सूझ रहा है अपितु जब प्रदेश का विकास हो रहा है और कानून व्यवस्था भी सुदृढ़ हो रही है उस समय यह लोग प्रदेश का वातावरण दूषित करने के लिए विश्व के सर्वाधिक खूंखार आतंकवादी संगठन हमास के समर्थन में धरना प्रदर्शन कर रहे हैं।

अभी तक तो योगी केवल सनातन धर्म पर ही बात कर रहे थे लेकिन अब उन्होंने सिंधी समाज के एक बड़े कार्यक्रम में कहा कि जब हम 500 वर्षों के बाद श्री रामजन्मभूमि को वापस ले सकते हैं तो फिर सिंध को क्यो नहीं? योगी के इस बयान ने आम भारतीयों को ही नहीं अपितु पाकिस्तान व उसके समर्थक देशों को भी हैरान कर दिया है।

## मिला जुला

# देश की पहली रैपिड रेल का इंतजार खत्म! पीएम मोदी करेंगे उद्घाटन

*देश की पहली रैपिड रेल जल्द पटरी पर दौड़ने के लिए तैयार है. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार, 12 अक्टूबर को गाजियाबाद में उन आयोजन स्थलों का निरीक्षण किया जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत की पहली रैपिड रेल ट्रांजिट RAPIDX का उद्घाटन करेंगे. पीएम मोदी अगले सप्ताह इस रैपिड रेल का उद्घाटन करने के साथ ही एक रैली को संबोधित करेंगे.*




निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने अधिकारियों को सभी कार्य समय पर पूरा करने का निर्देश दिया. साथ ही उन्होंने भाजपा पदाधिकारियों, जन प्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की. उन्होंने वसुंधरा सेक्टर-8 में पीएम के जनसभा स्थल और साहिबाबाद में रैपिडएक्स स्टेशन का निरीक्षण भी किया. पीएम मोदी 20 या 21 अक्टूबर को इसका उद्घाटन कर सकचे हैं.

### पहले फेज में 17 किमी लंबे प्राथमिक खंड को शुरू किया जाएगा

बता दें, पहले फेज में दिल्ली-गाज़ियाबाद-मेरठ कॉरिडोर के 17 किमी लंबे प्राथमिक खंड को शुरू किया जाएगा. इस कॉरिडोर की कुल लंबाई 82 किमी है, जिसमें से 14 किमी का हिस्सा दिल्ली में है जबकि 68 किमी का हिस्सा उत्तर प्रदेश में है. राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) एनसीआर में इस क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट सिस्टम का ऐसा नेटवर्क तैयार कर रहा है जिसे दिल्ली मेट्रो की विभिन्न लाइनों के साथ जोड़ा जाएगा. ये अलवर, पानीपत और मेरठ जैसे विभिन्न शहरों को भी दिल्ली से जोड़ेंगे.

### 180 किलोमीटर की गति से चलाने के लिए डिजाइन की गई है RAPIDX

आरआरटीएस ट्रेनों को 180 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चलाने के लिए डिजाइन किया गया है. हालांकि, ये ट्रेनें पटरियों पर 160 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ेंगी. यह ट्रेन 60 मिनट में 100 किलोमीटर तक का सफर तय कर सकती है. 6 कोच वाली इस ट्रेन का लुक बिल्कुल बुलेट ट्रेन की तरह है. आरआरआरटीएस को उन यात्रियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है जो तेज गति और शांत तरीके से लंबी दूरी की यात्रा करना चाहते हैं.

# मारा गया हमास का टॉप कमांडर बिलाल

## इस्लामिक जेहाद का हेडक्वार्टर भी ध्वस्त, गाजा में नागरिकों के सामने जिंदगी और मौत का सवाल

**इजरायल** और फिलस्तीनी आतंकी संगठन हमास के बीच चल रहे युद्ध में हमास का एक और बड़ा कमांडर मारा गया है. इजरायली फोर्स ने शनिवार की रात को एयर स्ट्राइक में दक्षिणी खान यूनिस बटालियन में नहबा बल के टॉप कमांडर बिलाल अल-कदरा को मार गिराया. इजरायली वायु सेना के लड़ाकू विमानों ने शनिवार की रात गाजा पट्टी में आतंकवादी संगठन हमास की दक्षिण खान यूनिस बटालियन पर हमला किया था. मारा गया आतंकी इजरायल में कई लोगों की हत्या का जिम्मेदार था. इसी ने दक्षिणी इजरायल के किबुत्ज निरिम और निरओज इलाके में घरों में घुसकर लोगों को ढूंढ-ढूंढ कर मारा था. आतंकवादी संगठन हमास में काम करने के साथ ही कदरा फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद संगठन में भी अहम भूमिका निभा रहा था.




इजरायल डिफेंस फोर्सेज के बयान के मुताबिक आईडीएफ ने जेयतुन, खान यूनिस और पश्चिम जाबलिया के पड़ोस में सौ से अधिक हमास ठिकानों पर हमला किया. इतना ही नहीं हमास के उन ऑपरेशनल स्थानों को भी निशाना बनाया गया जहां से आतंकी इजरायल के खिलाफ हमला करते थे.

इजरायली फोर्स ने हमास के इस्लामिक जिहाद परिषद के मुख्यालय, कमांड सेंटर, सैन्य परिसर, दर्जनों लांचर पैड, एंटी-टैंक पोस्ट और वॉच टावर को मलबे में बदल दिया. इस दौरान फिलस्तीनी इस्लामिक जिहाद आतंकवादी संगठन के सैन्य मुख्यालय को भी नष्ट कर दिया गया. इसके अलावा, आईडीएफ ने हमास के कई बुनियादी ढांचे को भी बर्बाद कर दिया. इन बुनियादी ढांचों से जुड़े कई लोग आईडीएफ के खिलाफ लड़ाई में सक्रिय रूप से भाग ले रहे थे.

## एक नजर

### गाजा पट्टी में आम लोगों को जानबूझकर रोक रहे हमास आतंकी



गाजा। हमास आतंकियों के साथ तेज होती खूनी जंग के बीच इज़रायली सेना ने सोशल मीडिया पर चौंकाने वाली तस्वीर जारी की हैं। इनमें दावा किया गया है कि हमास आतंकी आम लोगों को दक्षिणी गाजा जाने से रोक रहे हैं। इजरायली सेना हमास पर लोगों को अपनी ढाल के रूप में उपयोग करने का आरोप लगाया गया है। हमास जानबूझकर उन जगहों पर लोगों को बंधक बना रहा है जहां उसे पता है कि इजरायल बमबारी करेगा। गाजा में इजरायली हवाई हमलों में नौ और इजरायली बंधक मारे गए हैं। इज़रायल ने गाजा पट्टी पर हमास के खात्मे के लिए पूरी तैयारी कर ली है। हमास के टॉप लीडरों को मारने के लिए सीक्रेट मिशन तैयार हो चुका है। इजरायली सेना ने एक बयान में कहा कि बस आदेश का इंतजार है। रविवार को एक ताजा बयान में इजरायली सेना ने पुष्टि की कि हमास का टॉप कमांडर बिलाल अल कदरा मारा जा चुका है, बिलाल हमास की विशिष्ट सैन्य शाखा नुखबा बल का शीर्ष कमांडर था।

### पुतिन ने गाजा में कार्रवाई की तुलना लेनिनग्राद की नाजी घेराबंदी से की?

गाजा पर इजरायल की बमबारी जारी है। इसराइली सेना के मुताबिक, उसने गाजा पर पांच दिनों में करीब 6000 बम गिराए हैं। इन सबके बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इजरायल को चेतावनी दी है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार (13 अक्टूबर) को इजरायल को गाजा को उसी तरह से घेरने के खिलाफ चेतावनी दी, जैसे नाजी जर्मनी ने लेनिनग्राद को घेरा था। 15 लाख लोग मारे गए थे लेनिनग्राद (सेंट पीटर्सबर्ग) की घेराबंदी इतिहास की सबसे घातक घेराबंदी में से एक थी, जिसमें 1941 और 1944 के बीच लगभग 1.5 मिलियन लोग मारे गए।

# इजरायल जंग में कूदेगा ईरान! विदेश मंत्री ने हमास नेता से की मुलाकात

**बेरूत।** इजरायल और हमास में चल रहा युद्ध अब और विनाशकारी हो सकता है। युद्ध में अब ईरान भी कूद सकता है। ईरानी विदेश मंत्री होसैन अमीराब्दुल्लाहियन ने बीती रात कतर में हमास नेता इस्माइल हानियेह से मुलाकात कर इसका अंदेशा दिया है।

### हमास को सहयोग देने की कही बात



जेरूसलम पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, ईरानी नेता ने हमास और फलस्तीनी लोगों के लक्ष्यों को पूरा करने में सहयोग करने पर सहमति व्यक्त की। गाजा पट्टी में हमास और इजराइल के बीच जारी युद्ध के बीच यह बात सामने आई है। दक्षिणी इजराइल पर हमास के हमले के बाद ईरानी अधिकारियों के साथ हनिएह की यह पहली आधिकारिक बैठक थी। जेरूसलम पोस्ट ने हमास के हवाले से बताया कि दोनों नेताओं में इजरायल को सबक सिखाने की सहमति बनी है। हनियेह ने कहा कि इस लड़ाई के बाद एक नया इतिहास बनेगा, जो बिल्कुल भी वैसा नहीं होगा जैसा पहले था।

# शिवपुरी के लिए कांग्रेस ने बदल दी रणनीति, सिंधिया से हो सकता है मुकाबला

**भोपाल।** लंबे इंतजार के बाद नवरात्रि के पहले दिन कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में 144 नाम हैं। कांग्रेस ने अपनी लिस्ट में 69 मौजूदा विधायकों को टिकट दिया है। पहली लिस्ट में कई हाई प्रोफाइल चेहरे हैं तो कई सीनियर नेताओं के टिकट काट भी दिए गए हैं। हालांकि लिस्ट में ज्यादातर पुराने नाम हैं।

कांग्रेस से सबसे बड़ा चौंकाने वाला फैसला शिवपुरी विधानसभा सीट को लेकर किया है। यहां से ज्योतिरादित्य सिंधिया के नाम की अटकलों से बीच कांग्रेस को अपनी रणनीति बदलनी पड़ी है।



कांग्रेस ने झाबुआ विधानसभा सीट से कांतिलाल भूरिया की जगह उनके बेटे विक्रांत भूरिया को टिकट दिया है। मौजूदा समय में कांतिलाल भूरिया यहां से विधायक हैं। कांग्रेस ने कटंगी विधायक टामलाल सहारे और गुनौर विधायक शिवदयाल बागरी के टिकट काटे गए हैं। वहीं, गोटेगांव विधानसभा सीट से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एनपी प्रजापति का टिकिट भी कटा है।

**केपी सिंह का टिकट बदला :** कांग्रेस की लिस्ट में चौंकाने वाला फैसला केपी सिंह को लेकर किया गया है। पिछोर विधानसभा सीट से लगातार चुनाव जीतने वाले केपी सिंह को कांग्रेस ने इस बार शिवपुरी से उम्मीदवार बनाया है।

# ओवैसी ने इजराइली पीएम नेतन्याहू को शैतान कहा

**हैदराबाद।** AIMIM प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू को शैतान कहा है। उन्होंने पीएम मोदी से अपील की है कि वे गाजा के लोगों का साथ दें। ये बात उन्होंने शनिवार को हैदराबाद में एक कार्यक्रम के दौरान कहीं। ओवैसी ने कहा कि मैं पीएम से अपील करना चाहूंगा कि फिलिस्तीनियों के ऊपर जो अन्याय हो रहा है उसे रोकें। फिलिस्तीन का मुद्दा को सिर्फ मुस्लिमों से नहीं जोड़ना चाहिए, बल्कि ये मानवता का मुद्दा है। नेतन्याहू शैतान हैं, क्रूर शासक हैं और युद्ध के अपराधी हैं। ओवैसी ने कहा- गाजा के 10 लाख लोगों को बेघर होना पड़ा है। पूरी दुनिया ये देखकर भी



खामोश है। जिन्होंने इन्हें मारा उन्हें देखिए, लेकिन गाजा के इन बेचारे लोगों ने आपका क्या बिगाड़ा है? मीडिया एक तरफा रिपोर्टिंग कर रहा है। पिछले 70 साल से इजराइल ने गाजा पर कब्जा कर रखा है। आपको ये कब्जा दिखाई नहीं देता, आपको ये जुल्म दिखाई नहीं देता है।

जोहार छत्तीसगढ़

धरमजयगढ़, सोमवार 16 अक्टूबर 2023

### घटस्थापना के साथ शक्ति उपासना के पर्व की शुरुआत

# शारदीय नवरात्र : सजा मां का दरबार, मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

रायपुर। शक्ति उपासना के पर्व शारदीय नवरात्रि की शुरुआत आज से हो गई है. इस बार निवरात्रि में मां का आगमन हाथी पर हो रहा है. नवरात्र के पहले दिन देवी के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना की जाएगी।



इससे पहले प्रदेश समेत देश के सभी देवी मंदिरों में घटस्थापना के साथ ही पूजा-अर्चना शुरू हो चुकी है. सुबह से ही मंदिरों में भक्तों का तांता लगा हुआ है.

रायपर के मां महामाया मंदिर, आकाशवाणी चौक स्थित मां काली मंदिर समेत शहर के मंदिरों में पूजा-पाठ प्रारंभ हो गया है. वहीं बिलासपुर के रतनपुर में स्थित देवी महामाया मंदिर में भी माता के दर्शन के लिए भक्त मंदिर पहुंच रहे हैं। इसके अलावा दंतेवाड़ा स्थित मां दंतेश्वरी मंदिर में भी पूजा-पाठ शुरू हो गई है. वहीं जगदलपुर स्थित दंतेश्वरी मंदिर में विश्व प्रसिद्ध दशहरा उत्सव चल रहा है. जिसमें आज जोगी बिठाई की रस्म निभाई जाएगी. वहीं प्रदेश के अन्य देवी मंदिरों में भी माता नवरात्रोत्सव की शुरुआत हो चुकी है.

इधर जम्मू में स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर में तड़के सुबह से भक्त माता के दरबार में पहुंच चुके हैं. नवरात्रि को लेकर देवी मंदिरों में आकर्षक सजावट की गई है. साथ ही श्रद्धालुओं के लिए तमाम व्यवस्थाएं भी की गई हैं. वहीं दिल्ली के छतरपुर स्थित मंदिर में भी माता के दर्शन के लिए भक्त जुट रहे हैं।

# केतु ग्रह की समस्या से आर्थराईटिस, जोड़ों के दर्द होने लगते हैं - डॉ. श्रुति कौशिक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ योग शिक्षक संघ के तत्वावधान में संचालित योगारम्भ 3.0 कार्यक्रम का आज 15वाँ सत्र प्रातः 6ः45 से 8ः45 पर पूर्ण हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. श्रुति कौशिक, एम .डी. आद्या योग, नेचुरोपैथी एक्यूप्रेशर एवं ज्योतिष केंद्र, लखनऊ (उ.प्र.) विशेष सदस्य, योग संघ का प्रदेश अध्यक्ष श्री अनिल चंद्राकर जी ने हार्दिक शुभकामनायें प्रकट किया। श्री रामेश्वर प्रसाद डौन्डे जी ने शंखनाद व मन्त्रोंच्चार विधि से कार्यक्रम का भव्य आध्यात्मिक शुभारम्भ किया। संघ सांस्कृतिक व केंद्रीय प्रभारी, सुश्री मोनिका सिन्हा जी ने मुख्य वक्ता के जीवन पर प्रकाश ड़ालते हुए कहा कि मैम को बचपन में ही दिल में छेद हो गया था तब से योग और नेचुरोपैथीं मैम के जीवन का अभिन्न अंग हैँ। श्री नितेश पटेल जी, केंद्रीय सदस्य ने अपने ऊर्जावान शब्दों से सभी श्रोतागणों का हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया।



प्रदेश महासचिव श्री खोमेश साहू जी ने मुख्य वक्ता का पुष्पगुच्छरूपी शब्दों से स्वागत करते हुए कहा कि ज्योतिषशास्त्र भारत की देन हैँ। यहां बच्चे के जन्म पूर्व ही उसके जन्म लेने के तिथि, काल व नक्षत्र को देखकर उसके भविष्य का सटीक अनुमान लगाया जाता रहा हैँ। इस कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. श्रुति जी ने कहा कि सकारात्मक सोच के साथ व्यक्ति किसी विधा से उपचार कराता हैँ तभी वह पूर्ण रूप से स्वस्थ हो सकता है। सनातन धर्म में नवग्रह का विशेष महत्व है। सात ग्रह, दो छाया ग्रह राहु और केतु हैं। हमारी प्रकृति ही एक नवग्रह के रूप में है जिसमें सूर्य, चंद्रमा, मंगल, बुद्ध, गुरु, शुक्र, शनि, राहु और केतु है। योग में सूर्य नमस्कार करेंगे तो सूर्य ग्रह मजबूत होगा।




रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के आकाशवाणी कार्यालय के समीप स्थित माँ काली मंदिर में शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन सुबह से ही श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखी गई,इस बार यहां 4 हज़ार से अधिक ज्योति कलश की स्थापना की गई है ।

# गांधी उद्यान की बढ़ेगी सुंदरता, बंद फौवारा सुधरेगा, टूटे पेवर ब्लाक बदलेंगे

**रायपुर।** राजधानी के सिविल लाइंस स्थित गांधी उद्यान की सुंदरता बढ़ाने और बंद पड़े फौवारा को सुधारने नगर निगम 1 करोड़ खर्च करेगा। इस राशि में उद्यान में लोगों के चलने के लिए लगाए गए पेवर ब्लाक को दुरुस्त करने सहित प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त करने का काम ठेका एजेंसी करेगी। रायपुर नगर निगम ने इस कार्य के लिए बालाजी कंस्ट्रक्शन रायपुर एजेंसी को ठेका दिया है। गांधी उद्यान में आने-जाने वालों के लिए एक राहत भरी खबर है। बगीचे की सुंदरता बढ़ाने और आम जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम इसके रिनोवेशन पर 1 करोड़ की राशि खर्च करने जा रहा है। इसमें प्रमुख रूप से सालभर से बंद पड़े फौवारे को दुबारा शुरू करने का कार्य शामिल है।




इसके साथ ही पाथवे में लगाए गए ऐसे पेवर ब्लाक जो टूट-फूट गए हैं, उनकी जगह नए पेवर ब्लाक लगाए जाएंगे। उद्यान परिसर में लोगों की सुविधा के लिए बनाए गए सार्वजनिक प्रसाधन केंद्र में सफाई को लेकर लोगों को शिकायत रही है। इसे ध्यान में रखते हुए सफाई व्यवस्था पर ध्यान दिया जाएगा। शहर के मध्य स्थित गांधी उद्यान में कई लाइट महीनों से बंद हालत में हैं, इन्हें ठीक करने और नई लाइट लगाने का काम आने वाले दिनों में अनुबंधित एजेंसी करेगी। रायपुर के बालाजी कंस्ट्रक्शन एजेंसी को इस कार्य के लिए नगर निगम अनुबंधित कर वर्क आर्डर जारी कर दिया है। पंजाबी सनातन सभा गांधी उद्यान में बापू की कुटिया का संचालन कर रही है। वहां सीनियर सिटीजन के मनोरंजन व ज्ञान वर्धन के लिए टीवी सेट की व्यवस्था है। समय-समय पर बापू की कुटिया में आने वालों के लिए गायन प्रतियोगिता भी रखी जाती है। इसमें वरिष्ठजन उत्साह के साथ अपनी गायकी प्रस्तुत करने यहां जुटते हैं। इनके लिए विविध कार्यक्रमों का आयोजन भी पंजाबी सनातन सभा की ओर से कराया जा रहा है।

## अपराध

### रायपुर में युवक का मर्डर, नशे में गाली-गलौज के बाद हुए विवाद में हत्या की आशंका




**रायपुर।** राजधानी रायपुर के धूप्पड़ पेट्रोल पंप के पास युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या की खबर आ रही है। दीपक निषाद नामक युवक की पीटने से हत्या की आशंका जताई जा रही है। शराब पीकर नाली में गिरे दीपक को युवकों ने शराबी कहने पर मृतक ने गाली-गलौज की। युवकों ने दीपक निषाद को पीट-पीटकर नाली में ही डालकर फरार हो गए। अस्पताल ले जाने पर इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। फिलहाल सभी आरोपित फरार हैं। दरअसल, यह घटना आजाद चौक थाना इलाके का है।

### युवक पर चाकू से हमला

**रायपुर** । शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर चार युवकों ने एक युवक से मारपीट कर चाकू मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी कृष्ण कुमार वर्मा 32 वर्ष रावतपुरा कालोनी फेस 2 का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी चिंटू साहू, देवेन्द्र ठाकुर, महेन्द्र व अन्य ने प्राथी का रास्ता रोककर शराब पीने के लिए पैसा मांगा। प्रार्थी द्वारा पैसे नहीं देने पर आरोपियों ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया और चाकू मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 341, 294, 506, 323, 327, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### दो बाइक आपस में टकराई, एक की मौत

रायपुर । ग्राम साखरा में दो बाइक आपस में टकरा गई। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई। मामले में नेवरा पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक टीकाराम साहहू 40 वर्ष ग्राम लखना का रहने वाला था। बताया जाता है कि कल शाम वह अपनी बाइक से कहीं जा रहा था, तभी विपरीत दिशा से आ रही बाइक क्रमांक सीजी 04 एलयू 0729 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए टीकाराम को टक्कर मार दिया।

# गोदाम से लोहा उड़ाकर सरोरा में छिपे थे छह चोर, पुलिस ने सभी को पकड़ा

**रायपुर।** राजधानी रायपुर से सटे तिल्दा नेवरा इलाके के सरोरा गांव स्थित जगदंबा प्लास्टीक गोदाम में दो दिन पहले धावा बोलकर वहां से लोहे का सामान उड़ाने वाले छह चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी गया सारा सामान बरामद कर लिया है।




तिल्दा नेवरा थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 11-12 अक्टूबर की दरम्यानी रात में सरोरा स्थित जगदंबा प्लास्टोकम गोदाम का दीवार फांदकर भीतर घुसे चोरों ने वहां से लोहे का सात चैनल, चार छोटा टुकडा, एक लोहे का गार्डर, चार लोहे का एंगल आदि पार कर दिया था। शिकायत पर पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान छह संदिग्ध व्यक्ति ग्राम सरोरा के कोलम्मा डबरी तालाब के पास लुक छिपकर बैठे मिले। पुलिस टीम को देखकर भागने की कोशिश कर रहे थे, जिसे दौड़ाकर पकड़ा गया। पूछताछ करने गोदाम से लोहा चुराना कबूल किया।

# पुरंदर मिश्रा का रणनीतिक दौरा तेज, पार्टी पदाधिकारियों से कर रहे लगातार मुलाकात, जल्द शुरु होगा प्रचार अभियान

**रायपुर।** रायपुर नगर के उत्तर विधानसभा क्षेत्र निर्वाचन क्रमांक 50 से भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी पुरंदर मिश्रा चुनावी रण पर सक्रियता के साथ पहले ही दिन से उतर चुके हैं। फिलहाल प्रदेश और जिला संगठन के अलावा मंडल और वार्ड के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ उनकी रणनीतिक चर्चाएं हो रही हैं, और जल्द ही मतदाताओं के बीच मुलाकात और संवाद का अभियान शुरु हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी ने मिशन 2023 के तहत छत्तीसगढ़



विधानसभा के लिए जनाधार वाले प्रत्याशियों को चुनावी मैदान में उतारा है। राजधानी रायपुर के उत्तर विधानसभा क्षेत्र की जटिल परिस्थितियों को समझते हुए संगठन ने क्षेत्र के सक्रिय और लोकप्रिय होने के साथ मजबूत जनाधार वाले व्यक्तित्व के तौर पर कुशल राजनेता पुरंदर मिश्रा पर भरोसा व्यक्त किया है।

बीते सोमवार को भाजपा ने जैसे ही अपनी दूसरी सूची जारी की, जिसमें उत्तर विधानसभा से पुरंदर मिश्रा के नाम पर मुहर लगी है, उसके तुरंत बाद से ही मिश्रा पूरी सक्रियता के साथ चुनावी अभियान में जुट गए हैं।

### छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में पहली बार राज्य स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया ह

# राष्ट्रीय लोक अदालत : 11 लाख 78 हजार से अधिक केस निपटे

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण और छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के संयुक्त तत्वावधान में वर्ष 2023 में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालतों के मूल्यांकन एवं निष्पादन हेतु छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट, बिलासपुर में रविवार शाम को स्टेट लेवल मीट का आयोजन किया गया।




कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के मुख्य न्यायाधीश और छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मुख्य संरक्षक रमेश सिन्हा थे। साथ ही विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के न्यायाधीश और छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष गौतम भादुड़ी, छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के न्यायाधीश और हाईकोर्ट लीगल सर्विस कमिटी के चेयरमैन संजय के. अग्रवाल थे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के न्यायाधीशगण उपस्थित थे।

मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने न्यायिक अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि न्यायिक अधिकारियों द्वारा किए गए विशेष कार्यों के मूल्यांकन और 2023 में अब तक आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालतों में प्रदर्शन की सराहना करने के लिए छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में पहली बार राज्य स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया है।

उन्होंने कहा कि लोक अदालतों की शुरूआत ने वैकल्पिक विवाद समाधान प्रणालियों के घटक के रूप में न केवल एक नया अध्याय जोड़ा है, बल्कि देश की न्याय वितरण प्रणाली को एक नया आयाम प्रदान किया है। इससे पीड़ितों को उनके विवादों के संतोषजनक समाधान के लिए एक पूरक मंच मिला है। यह प्रणाली ग्राम स्वराज के गांधीवादी सिद्धांतों पर आधारित है और भारत के संविधान के अनुच्छेद 39 ए के प्रावधान को बढ़ावा देने और पूरा करने का प्रयास करती है, जिसका उद्देश्य सभी को समान न्याय और निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करना है। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने कहा कि प्राचीन काल से ही यह मान्यता रही है कि विवाद को बिना न्यायालय का दरवाजा खटखटाए आपस में ही सुलझा लिया जाए। गाँवों में, विवादों को हमेशा पंचायतों के पास भेजा जाता था, ताकि वे गाँव में उत्पन्न होने वाले विवादों पर निर्णय ले सकें। पंचायत व्यवस्था में पंच-मध्यस्थ और पंचायत शब्द उतना ही पुराना है जितना भारतीय इतिहास। एडीआर का लाभ मुकदमेबाजी में देरी से बचने के अलावा लागत में कमी है। मुख्य न्यायाधीश सिन्हा ने बताया कि राज्य में तीन राष्ट्रीय लोक अदालतें आयोजित की गई हैं, जिनमें कुल 11,78,357 (ग्यारह लाख अठहत्तर हजार तीन सौ सत्तावन) प्रकरणों का निराकरण किया गया जिनमे से 10 लाख से ज्यादा केस प्री लिटिगेशन के थे। उन्होंने मामलों के निराकरण के लिए किए गए प्रयासों के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि समय के साथ लोक अदालतों ने विवादों को प्रभावी और सौहार्दपूर्ण तरीके से निपटाकर लोगों का विश्वास हासिल किया है।विधिक सेवा प्राधिकरणों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि लोक अदालतों का संचालन करते समय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (लोक अदालत) विनियम, 2009 में निर्धारित नियमों का पालन किया जाए। सिन्हा ने लोक अदालतों के पीठासीन न्यायाधीशों की प्रतिबद्धता और समर्पण की सराहना की और उपलब्धियों के लिए बधाई दी।

# नवरात्रि में डोंगरगढ़ स्टेशन पर चुनिंदा ट्रेनों का दिया ठहराव

**रायपुर।** डोंगरगढ़ में रेलवे ने नवरात्रि के लिए यात्रियों को सुविधा प्रदान करते हुए 15 अक्टूबर से कुछ ट्रेनों को अस्थाई ठहराव की अनुमति दी है। प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त मातारानी के दर्शन करने निकलते हैं।




रेलवे ने श्रद्धालुओं भक्तों की श्रद्धा-भक्ति को ध्यान में रखते हुए हर साल की तरह इस वर्ष भी डोंगरगढ़ स्टेशन पर चुनिंदा ट्रेनों का ठहराव दिया है।

मां बम्लेश्वरी मंदिर, डोंगरगढ में नवरात्रि पर्व 15 से 23 अक्टूबर तक मेला में जाने वाले दर्शनार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन द्वारा ट्रेनों का अस्थायी ठहराव एवं कुछ गाड़ियों के विस्तार की सुविधा प्रदान की जा रही है। ट्रेनों के डोंगरगढ़ व रायपुर तक अस्थायी विस्तार के साथ ही साथ कुछ दूरगामी एक्सप्रेस ट्रेनों का भी डोंगरगढ़ में अस्थायी ठहराव दिया जा रहा है।

रेलवे विभाग से शनिवार जारी आदेश के अनुसार 08742 / 08741 गोंदिया-दुर्ग-गोंदिया मेमू पैसेजर स्पेशल को रायपुर तक विस्तारित की जा रही है। वहीं डोंगरगढ रेलवे स्टेशन में 12722 रायपुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस शाम छह बजकर 34 मिनट एवं 12771 सिकंदराबाद-रायपुर एक्सप्रेस सुबह 11 बजकर 24 मिनट में ठहरेगी। ठहराव दो मिनट का होगा। 18205 दुर्ग-नौतनवा साप्ताहिक एक्सप्रेस का ठहराव 19 से 26 अक्टूबर तक रहेगा। यह ट्रेन शाम छह बजे पहुंचेंगी और छह बजकर पांच मिनट में छूटेगी। 18206 नौतनवा-दुर्ग साप्ताहिक एक्सप्रेस 14 से 21 तक सुविधा मिलेगी। यह ट्रेन रात 12 बजकर 45 मिनट पर पहुंचेगी और 12 बजकर 50 मिनट में छूटेगी।

# मेहनत कर अपने आप को काबिल बनाये, सफलता अवश्य मिलेगी-अभय

## संकल्प शिक्षण संस्थान में विद्यार्थियों के लिए हुआ मोटिवेशनल क्लास का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।





विद्यार्थियों को हमेशा अपनी सोच अच्छी रखनी चाहिए। सकारात्मक सोच से ही कठिन परिस्थितियों से सामना किया जा सकता है। उक्त विचार इंडियन ऑयल कम्पनी के अधिकारी अभय एलन ने संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर के विद्यार्थियों को मोटिवेट करते हुए व्यक्त किये।उन्होंने कहा कि व्यक्ति को अपनी सोच सदैव सकारात्मक रखनी चाहिए जिससे परिणाम प्राप्ति में सहायता मिलती है। अपने जीवन में विद्यार्थियों को कार्य करते जाना चाहिए फल की चिंता नहीं करनी चाहिए। परिस्थिति कैसी भी हो हमें परिस्थिति अनुसार अपने आप को ढ़ाल लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि जीवन चलेगा तो उतार चढ़ाव आते रहेगा उससे डरना नहीं है। विद्यार्थियों को हमेशा कहानी पढ़ते रहना चाहिए जिससे जीवन हेतु बहुत सारी सकारात्मक जानकारी मिलती है। इसके बाद उन्होंने एक प्रेरक कहानी भी सुनाई। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने कहा कि बच्चों को पाठ्यक्रम पूर्ण रुप से पढ़ कर बेहतर समझ बनाने के लिए सबसे पहले विषय वस्तु को बार-बार पढ़ें और लगातार अभ्यास करते रहे।जटिल चीज को सरल बनाने के लिए कठिन भाग की पुनरावृत्ति करे। योजनाबद्ध तरीके से योजनानुसार अध्यापन कार्य करें। उन्होंने कहा कि निराश होना स्वाभाविक है। निराशा से बाहर निकलें और यह आकलन करें कि असफलता के क्या कारण है। धीरे-धीरे यह पता चलता है कि जिस व्यक्ति ने सफ्लता पाई है उसमें क्या अच्छाई है। सफ्ल लोगों से बात कर उनसे बहुत कुछ ज्ञानवर्धक जानकारी प्राप्त होती है। हमें जीवन में जब कुछ समझ में नहीं आता है तो चिंतन करें समाधान अवश्य मिलेगा । इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा ने कहा कि हम जो सोचते हैं उस हिसाब से काम नहीं होता है। बार-बार अभ्यास करने से सफलता मिलती है । जितनी बार हम गलती करेंगे उससे हमें उबरने का अवसर मिलता है । उन्होंने कहा कि यदि सीखना है तो हमें संकोच की रूकावट से आगे बढ़ना होगा। विद्यार्थियों को अपनी बात को खुलकर सामने रखना चाहिए। कार्यक्रम में प्रतिष्ठा आईएएस ने कहा कि यदि परिस्थिति अनुकूल नहीं होती है तो यह नहीं सोचना चाहिए कि हम नहीं कर सकते । यदि वो कर सकता है तो हम क्यों नहीं कर सकते यही सोच सदैव रखना चाहिए। विद्यार्थियों की मेहनत ही उनकी किस्मत बनाती है अतः मेहनत एवं लगन से अध्यापन कार्य करें। उन्होंने सभी बच्चों को मोटिवेट करते हुए पढ़ाई करने के तरीके बताए जिससे उन्होंने स्वम सफ्लता पाई थी और पहले प्रयास में ही अपने बैच की सबसे कम युवा आईएएस अधिकारी के रूप में चयनित हुई थी।

कार्यक्रम में संकल्प शिक्षण संस्थान के प्राचार्य विनोद गुप्ता ने संकल्प शिक्षण संस्थान के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि आज संकल्प शिक्षण संस्थान अपने स्थापना काल से निरंतर सफ लता की ओर अग्रसर होकर अपने उद्देश्य को पूरा कर रहा है। कार्यक्रम में यशस्वी जशपुर के संजीव शर्मा, अवनीश पांडेय, संकल्प शिक्षण संस्थान के शिक्षक अश्विनी सिंह, दिलीप सिंह, प्रभात मिश्रा, ज्योति श्रीवास्तव, ममता सिन्हा, मनीषा भगत, शांति कूजूर राजेन्द्र प्रेमी, दीपक ग्वाला सहित समस्त विद्यार्थी उपस्थित थे।

### एक नजर

## कलेक्टर ने मतदान दलों के प्रशिक्षण हेतु तैयारियों का किया निरीक्षण



**कोण्डागांव।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा मतदान दलों के प्रशिक्षण हेतु की गई तैयारियों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी लेते हुए विस्तार पूर्वक निर्धारित एजेंडा एवं विषयवस्तु पर चर्चा की। इसके लिए उन्होंने अधिकारी एवं कर्मचारियों से निर्वाचन प्रक्रिया संबंधी सवाल पूछे एवं प्रशिक्षण कार्य को गंभीरता लेने को कहा। इस अवसर पर उन्होंने प्रमिला देवी नाग शासकीय आदर्श कन्या महाविद्यालय, शासकीय कन्या शाला विकासनगर, स्वामी आत्मानंद विद्यालय जामकोटपारा एवं डीएवी एमएमपी स्कूल देवखरगांव में प्रशिक्षण केंद्रों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रेमप्रकाश शर्मा सहित सभी विकासखण्डों के मास्टर ट्रेनर, सभी विकासखण्डों के नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

## साप्ताहिक बाजार में पत्रकारों ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

स्थानीय लोगों के साथ निष्पक्ष निर्वाचन के लिए पत्रकारों ने शतप्रतिशत निर्वाचन हेतु लिया संकल्प



**कोण्डागांव** / लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने हेतु रविवार को प्रेस क्लब एवं मीडिया फेडरेशन के पत्रकारों ने साप्ताहिक बाजार में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। जिसमें कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप नोडल अधिकारी प्रेमप्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में सम्पूर्ण कोण्डागांव जिले में चल रहे मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप कार्यक्रम में अपना योगदान देते हुए पत्रकारों ने स्वप्रेरणा से स्थानीय साप्ताहिक बाजार में गांव-गांव से पहुंचे ग्रामीणों के बीच स्वीप कार्यक्रम चलाते हुए पत्रकारों ने लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सभी ने स्थानीय ग्राम देवी मां शीतला माता मंदिर परिसर से शुरुआत करते हुए हर मार्ग से होते हुए सब्जी भाजी विक्रेता, मनिहारी दुकान, बर्तन दुकान, जूता चप्पल दुकान जैसे अनेकों गांव शहर से पहुंचे ग्रामीणों को आने वाले चुनावों में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक किया गया साथ ही बाजार में विभिन्न वस्तुओं को खरीदने पहुंचे खरीददारों को भी इस अभियान से जोड़कर उन्हें ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर प्रेस क्लब एवं मीडिया फेडरेशन के अध्यक्ष इशरार अहमद के नेतृत्व में साप्ताहिक बाजार में हर वर्ग एवं हर उम्र के मतदाता को जोड़कर उत्साहित करने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर दूर दराज से आए ग्रामीणजनों के साथ शत प्रतिशत मतदान करने एवं लोगों को प्रेरित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सभी पत्रकारों के साथ विभिन्न दुकानों के संचालक, ग्राहक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## कलेक्टर की फर्जी आईडी बनाकर ठगी की कोशिश

**बालोद** । जिले में ठगी का मामला सामने आया है. कलेक्टर कुलदीप शर्मा की फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर ठगी करने की कोशिश की गई है. दल्लीराजहरा के व्यापारी और छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स के उपाध्यक्ष स्वाधीन जैन से मैसेंजर में चैटिंग कर सीआरपीएफ के आधकारी का पुराना समान और फॉरच्यूनर बेचने की जरूरत बताई. मामले में ठगी का शिकार होने से पहले ही सतर्कता दिखाते हुए व्यापारी ने पहले तो एकाउंट को चैक किया.

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा विधान सभा चुनाव के लिए

## छत्तीसगढ़ और उड़ीसा बॉर्डर पर लगे एसएसटी टीम व एफएसटी टीम का किया गया आकस्मिक निरीक्षण





**एसएसटी, एफएसटी टीमों एवं थाना प्रभारियों को दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश।**

**ओडिशा पुलिस के अधिकारियों के साथ अवैध शराब एवं संधिग्ध वस्तुओ के परिवहन के रोक पर हुए चर्चा।**

**कोण्डागांव।** आगामी विधान सभा चुनाव के मद्देनजर जिला कोण्डागांव में पुलिस अधीक्षक श्री वाय अक्षय कुमार के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोंडागाँव श्री दौलत राम पोर्ते के नेतृत्व में दिनांक 15.10.2023 को अन्तर्राज्यीय सीमा ओडिसा से लगे ग्राम एरला , हीरापुर, गम्हरी, कोन्दकेरा के एस.एस.टी. टीमों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के द्वारा एसएसटी टीम को सभी चार पहिया एवं दुपहिया पहिया वाहनो को बारिकी से चेक करने, एवं मादक पदार्थ एवं किसी प्रकार के संदिग्ध वस्तु के मिलने पर की जाने वाली कार्यवाही करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के द्वारा ओडिसा पुलिस अधिकारियों के साथ अवैध शराब, मादक पदार्थ एवं संधिग्ध वस्तुओं के परिवहन पर रोक लगाने के लिए विशेष चर्चा हुई। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री दौलत राम पोर्ते के साथ अनुविभागीय पुलिस अधिकारी कोण्डागांव श्री निमितेश सिंह एवं थाना प्रभारी अनंतपुर, माकडी, चौकी प्रभारी बांसकोट उपस्थित थे।

# तीन स्थायी वारंटी को किया गया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।









आगामी विधान सभा चुनाव के मद्देनजर, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता भापुसे के निर्देशन एवं अतिण्पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा स्थायी वारंटियो को पकड़ने हेतु ऑपरेशन ईगल अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत थाना साजा पुलिस के द्वारा माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 205/2019, अपराध क्रमांक 16/2019 धारा 279,337,427 भादवि में फ रार चल रहे स्थाई वारंटी करन सिंह पिता अजित सिंह उम्र 39 साल साकिन वार्ड नं. 39 भिलाई थाना पुरानी भिलाई जिला दुर्ग एवं माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय के प्रकरण क्र. 999/18, धारा 138 एनआईए एक्ट के मामले में फ रार चल रहे स्थायी वारंटी कौशलेश पटेल पिता पिताम्बर पटेल उम्र 27 साल साकिन सोनपुरी थाना साजा जिला बेमेतरा एवं तुकेश पटेल पिता पिताम्बर पटेल उम्र 27 साल साकिन सोनपुरी थाना साजा जिला बेमेतरा को जरिये मुखबीर सुचना से पकड़ा गया। उपरोक्त वारंटियों को माननीय न्यायालय में पेश किया गया हैं। उपरोक्त कार्यवाही में थाना साजा प्रभारी मुकेश यादव एवं अन्य थाना स्टाफ का सराहनीय भूमिका रही।

विधानसभा निर्वाचन 2023

## व्यय प्रेक्षक रविराज एस. खोगारे ने निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण दलों की ली बैठक

व्यय संबंधी रिपोर्टिंग नियत समय में करना सुनिश्चित करें- श्री खोगारे *

**दंतेवाड़ा** । विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दन्तेवाड़ा जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 88 दंतेवाड़ा के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री रविराज एस. खोगारे (आई आर एस) ने संयुक्त जिला कार्यालय भवन के भू-तल स्थित सभाकक्ष में निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण दलों की बैठक लेकर उन्हें अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय की मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के लिए टीम भावना के साथ कार्य किये जाने कहा। उन्होंने इस दिशा में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किये जाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान उन्होंने निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण दलों को दी गई प्रशिक्षण सहित उड़नदस्ता दलों, स्थैतिक दलों, वीडियो सर्विलांस दलों, मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति के कार्यों की जानकारी ली। वहीं उन्होंने निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण सेल, मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति, वीडियो निगरानी टीम इत्यादि का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री कुमार बिश्वरंजन, अपर कलेक्टर श्री संजय कन्नौजे, एडिशनल एसपी श्री बर्मन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुरेन्द्र ठाकुर तथा सम्बन्धित दलों से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

## स्थैतिक टीम (एस एस टी) द्वारा सुरोखी चेक पोस्ट में की गई वाहन जप्ती की कार्यवाही

**दंतेवाड़ा** । जिला निर्वाचन शाखा नियंत्रण कक्ष द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार गत 11 अक्टूबर को रात्रि 12 से 1 बजे से बीच सुरोखी चेक पोस्ट में स्थैतिक टीम (एस एस टी) द्वारा वाहनों की चेकिंग के दौरान को वाहन क्रमांक सीजी -17 के एच 7877 स्कार्पियो की चेकिंग की गई। जिसमें उक्त वाहन में जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ पार्टी का झंडा 45 नग, पार्टी के चिन्ह सहित गुलाबी रंग के गमछे 25 नग, गुलाबी रंग की पार्टी की टोपी 16 नग बरामद हुए। इस संबंध में वाहन मालिक श्री रामधर जुर्री से चुनाव सामग्री के संबंध में दस्तावेज मांगा गया जो उसके द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया। साथ ही उनके द्वारा स्वयं को छत्तीसगढ़ जनता कॉग्रेस (जे) का प्रत्याशी होना बताया गया। परन्तु इस संबंध में भी स्थैतिक टीम (एस एस टी) के द्वारा प्रत्याशी के होने संबंध में दस्तावेज चाहा गया। परन्तु प्रत्याशी होने के संबंध में भी कोई भी दस्तावेज नहीं पेश किया गया। इसे देखते हुए वाहन चेक करने पर पाया गया कि वाहन के दोनों नंबर प्लेटों को निकालकर वाहन के अन्दर रख दिया गया। था। अंत में वैध दस्तावेज नहीं होने के कारण एस एस टी टीम द्वारा वाहन जप्ती की कार्यवाही कर थाना गीदम को सपुर्द किया गया। ज्ञात हो कि आगामी निर्वाचन 2023 को देखते हुए जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों मे बनाये गये चेक पोस्टों में सभी प्रकार के वाहनों की गहन चेकिंग एस एस टीम द्वारा की जा रही है।

## व्यय प्रेक्षक वैकन्ना तेजावत ने पोलमी एवं चिल्फी चेकपोस्ट का किया आकस्मिक निरीक्षण



**कवर्धा** । भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 कार्यक्रम निर्धारित होने के बाद जिले के दोनो विधानसभा क्षेत्र में आचार संहिता लागू होते ही निर्वाचन के हर गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 71 पण्डरिया एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72 कवर्धा के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक आईआरएस श्री वैकन्ना तेजावत ने पण्डरिया के पोलमी चेक पोस्ट एवं कवर्धा के अंतर्गत चिल्फी के चेकपोस्ट का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्री तेजावत ने पोलमी में उपस्थित तहसीलदार श्री सुनील पीपन्ना को तथा उपस्थित पुलिस अधिकारी कर्मचारी को आने वाले सभी वाहन को गंभीरता से निरीक्षण करने एवं आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने चेक पोस्ट में संधारित करने वाली पंजी का अवलोकन भी किया। निरीक्षण के दौरान निर्वाचन कार्य से जुड़े अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# कबीरधाम जिले में स्थैतिक निगरानी टीम ने की बड़ी कार्यवाही, स्कार्पियो गाड़ी के 10 लाख 96 हजार 675 रुपए नगदी जब्त

मुंगेली मार्ग के महका बैरियर में शाम 5 बजे वाहन जांच के दौरान नगद राशि मिली

कवर्धा । कबीरधाम जिले में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश पर स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांति पूर्ण एवं पारदर्शिता के साथ निवार्चन कार्य संपादित करने के लिए बनाई गई स्थैतिक निगरानी दल में कवर्धा-मुंगेली मार्ग पर ग्राम महका बैरियर पर बड़ी कार्यवाही की है।



स्थैतिक दल ने कबीरधाम जिले के पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम महका चेक पोस्ट पर स्कार्पियो वाहन क्रमांक छ्त्त 10-ड्ड 5194 में जांच के दौरान 10 लाख 96 हजार 675 रुपए नगदी जब्त किया है। पूरी कार्यवाही की वीडियोग्राफी भी कराई गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनमेजय महोबे ने बताया कि 10 लाख से अधिक रकम होने पर इन्कम टैक्स विभाग द्वारा इस पूरे प्रकरण की जा जाएगी। पंडरिया विधानसभा के रिटर्निंग आफिसर एवं एसडीएम श्री संदीप ठाकुर ने बताया कि वाहन चालक प्रमोद कुमार है। वाहन में ड्राइवर के अलावा दो अन्य दिनेश कौशिक और राजेश गुप्ता बैठे हुए थे। प्रारंभिक जांच के वाहन चालक द्वारा कवर्धा से बिलासपुर जाने की बात कही जा रही है। उल्लेखनीय है कि कबीरधाम जिले में कवर्धा एवं पंडरिया में विधानसभा आम निर्वाचन संपादित करने के लिए जिले के विभिन्न मार्गों में स्थैतिक निगरानी दल स्थैतिक निगरानी दल का गठन किया गया जो चेकपोस्ट में 24 घंटे तैनात है। विधानसभा आम निर्वाचन 2023 विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 71 पंडरिया व 72 कवर्धा के दौरान कानून व्यवस्था बनाएं रखने के लिए स्थैतिक निगरानी दल का गठन किया गया है। स्थैतिक निगरानी दल निर्वाचन प्राक्रिया के दौरान निर्वाचन क्षेत्र में अत्याधिक प्रचार व्यय, रिश्वत के रूप में नगद या वस्तु वितरण, अवैध शस्त्रों, गोला, बारूद, शराब वितरण या परिवहन एवं असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखेगी। स्थैतिक निगरानी दल 24 घंटा कार्यरत रहेंगे। इसमें 03 पाली सुबह 06 बजे से 02 बजे, दोपहर 02 बजे से रात्रि 10 बजे और रात्रि 10 बजे से सुबह 06 बजे तक ड्यूटी लगाई गई है। प्रत्येक टीम में एक अधिकारी और 02 पुलिस कर्मी ड्यूटी पर तैनात है। स्थैतिक निगरानी दल चेकपोस्ट कापादाह, महका, कुकदूर, चिल्फी, दशरंगपुर, खारा और बिड़ोरा में तैनात है।

### फिल्म टाइगर 3 का नया पोस्टर जारी, आंखों में तेज और हाथों में जंजीर पकड़े नजर आए भाईजान



बॉलीवुड के भाईजान यानी सलमान खान अपनी आगामी फिल्म टाइगर 3 को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। सलमान खान हाल ही में अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म टाइगर 3 का टीजर जारी होने के बाद से ही फैंस के बीच चर्चा में बने हुए हैं। इस बीच फिल्म के ट्रेलर की रिलीज से पहले मेकर्स ने फिल्म से सलमान खान का इंटेंस लुक जारी किया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। सलमान खान बहुप्रतीक्षित टाइगर 3 लाने के लिए तैयार हैं, और ट्रेलर रिलीज से पहले, निर्माताओं, यशराज फिल्म्स ने एक नई तस्वीर जारी की है, जिसमें आगामी फिल्म से रॉ एजेंट टाइगर बन सलमान खान नजर आ रहे हैं।



## अमायरा दस्तूर ने नई पंजाबी फिल्म ऐनी हाओ मिट्टी पाओ से की पॉलीवुड में एंट्री


अभिनेत्री अमायरा दस्तूर पेशेवर मोर्चे पर बुलंदियों पर हैं, हाल ही में उनकी वेब सीरीज बॉम्बे मेरी जान के साथ-साथ पंजाबी फिल्म ऐनी हाओ मिट्टी पाओ को काफी सराहना मिली है। अपनी पहली पंजाबी फिल्म ऐनी हाओ मिट्टी पाओ की रिलीज़ के साथ, अभिनेत्री को प्रशंसकों के साथ-साथ दोस्तों से भी अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। दर्शक कह रहे हैं कि अमायरा इस फिल्म में बिल्कुल पंजाबी लड़की लग रही हैं।

उनके अभिनय और जिस तरह से उन्होंने फिल्म में खुद को पेश किया है, उसकी सराहना करते हुए प्रशंसकों ने अमायरा का पंजाबी फिल्मों में खुले दिल से स्वागत किया है। ऐनी हाओ मिट्टी पाओ तक, हमने अमायरा का पंजाबी अवतार देखा था, जबकि उन्होंने जोगी में दिलजीत दोसांझ के साथ अभिनय किया था। ऐनी हाओ मिट्टी पाओ को हंसी की सवारी के रूप में देखा जा रहा है और दर्शकों से इसे मिल रही अद्भुत प्रतिक्रिया इंडस्ट्री में अमायरा की मजबूत पकड़ स्थापित कर रही है।

ऐसा कहने के बाद, अमायरा पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री में एक ताकत बनने जा रही है। ऐनी हाओ मिट्टी पाओ के बाद उनकी दो और पंजाबी फिल्में कतार में हैं, चिड़ियाँ दा चंबा 13 अक्टूबर को रिलीज हुई, और फुर्तीला नामक एक और फिल्म जल्द ही सिनेमाघरों में आएगी। खैर, यह नई पंजाबी लड़की निश्चित रूप से अपनी कलात्मकता से दिल जीत रही है, और ऐनी हाओ मिट्टी पाओ की सफलता तो बस शुरुआत है।

## बॉडीकॉन ड्रेस पहन मौनी रॉय ने दिखाईं दिलकश अदाएं

ब्रह्मास्त्र की जुनून के बोल्ड अंदाज पर दिल हार गए फैंस



ब्रह्मास्त्र फेम मौनी रॉय का नाम बी-टाउन की हॉट एक्ट्रेसेस की लिस्ट में शामिल है। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो लोगों की उनके किलर लुक्स पर से नजरें हट पाना मुश्किल हो जाता है। हाल ही में अभिनेत्री मौनी रॉय ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका सेक्सी अवतार देखकर फैंस आहें भरते हुए नजर आ रहे हैं।

अपने लुक्स और बोल्ड पर्सनेलिटी को लेकर अक्सर लाइमलाइट बटोरने वाली एक्ट्रेस मौनी रॉय आए दिन अपने लुक से इंटरनेट पर बवाल मचा देती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस मौनी रॉय ने अपने लेटेस्ट लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में मौनी रॉय कमर पर हाथ रखकर बेहद ही सेक्सी अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं। मौनी रॉय ने अपनी इन फोटोज में एनिमल प्रिंट आउटफिट पहना हुआ है, साथ ही कैमरे के सामने किलर लुक्स देती हुई दिखाई दे रही हैं। ओपन हेयर और मिनिमल मेकअप कर के एक्ट्रेस मौनी रॉय ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज सोशल मीडिया पर अपलोड करती हैं तो फैंस उनकी हर एक लुक पर दिलखोलकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं। हालांकि इन फोटोज पर भी 1 लाख से ज्यादा यूजर्स के लाइक्स मिल चुके हैं। साथ ही कुछ यूजर्स कॉमेंट्स भी कर रहे हैं। मौनी रॉय सोशल मीडिया सेंसेशन हैं। एक्ट्रेस वेस्टर्न और एथनिक लुक में बेहद ही खूबसूरत लगती हैं।

## डंकी और सालार के बीच अब नहीं होगा मुकाबला, शाहरुख ने पीछे खींचे कदम?



जब से प्रभास अभिनीत फिल्म सालार के 22 दिसंबर यानी क्रिसमस के मौके पर सिनेमाघरों में आने की घोषणा हुई है, यह लगातार चर्चा में बनी हुई है, क्योंकि इसी दिन शाहरुख खान की फिल्म डंकी भी सिनेमाघरों में दस्तक दे रही है।अब जो खबर आ रही है, उससे न सिर्फ शाहरुख, बल्कि प्रभास के प्रशंसक भी खुशी से झूम उठेंगे।दरअसल, इन दोनों फिल्मों के बीच अब टकराव टलने की खबरें जोर पकड़ रही हैं।

दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने ट्रेड एनालिस्ट मनोबाला विजयबालन ने एक्स पर लिखा, डंकी और सालार के बीच टकराव टल सकता है। डंकी को आगे बढ़ाए जाने की खबरें हैं। लिहाजा दोनों फिल्में अलग-अलग दिन रिलीज होंगी।

उधर सूत्रों ने भी इस खबर की पुष्टि करते हुए लिखा, पोस्ट प्रोडक्शन से जुड़ा काम बचा होने के कारण डंकी की रिलीज टल सकती है। इसे लेकर निर्माताओं की तरफ से आधिकारिक ऐलान होना बाकी है। सोशल मीडिया पर डंकी ट्रेंड में है। ज्यादातर प्रशंसक इस पर खुशी जाहिर कर रहे हैं, वहीं कुछ को विश्वास नहीं हो रहा है कि डंकी के पोस्ट प्रोडक्शन की वजह से फिल्मों के बीच टकराव टल रहा है। एक ने लिखा, शाहरुख 2 ब्लॉकबस्टर फिल्में देने के बाद सालार से डरने वाले नहीं हैं। एक ने शाहरुख का वो ट्वीट याद दिलाया, जिसमें उन्होंने कहा था, डंकी फिक्स ही है। अब क्या माथे पर गुदवा लूं। ज्यादातर फिल्म विशेषज्ञों की मानें तो इस टकराव से दोनों फिल्में बुरी तरह प्रभावित होंगी।

## फिल्म सैम बहादुर का टीजर जारी, विक्की कौशल का दिखा एकदम अलग अवतार

विक्की कौशल स्टारर फिल्म सैम बहादुर को लेकर पिछले लंबे समय से चर्चा में थी. फैंस फिल्म के रिलीज होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. वहीं दर्शकों के एक्साइटमेंट को दोगुना करने के लिए मेकर्स ने फिल्म का टीजर जारी कर दिया है.




1.26 मिनट का यह टीजर बेहद दमदार नजर आ रहा है. एक सोल्जर के लिए उसकी जान से ज्यादा कीमती होती है उसकी इज्जत.... और एक सोल्जर अपनी वर्दी की इज्जत के लिए अपनी जान भी दे सकता है. इस डायलॉग के साथ शुरू होता है सैम बहादुर का दमदार टीजर. टीजर में फिल्म के हीरो विक्की कौशल दमदार अभिनय में नजर आ रहे हैं. विक्की कौशल एक इंडियन आर्मी के फील्ड मार्शल के किरदार में खूब जच रहे हैं. टीजर में सैम बहादुर की दमदार डायलॉग डिलीवरी से लेकर शानदार अभिनय तक, सभी काबिल-ए-तारीफ है. वहीं टीजर में फातिमा सना शेख की भी छोटी सी झलक देखने को मिली, जो फिल्म में इंदिरा गांधी का रोल अदा कर रही हैं. वहीं सान्या मल्होत्रा ने भी अच्छा काम किया है.

## वेब सीरीज आर्या 3 का ट्रेलर जारी, जबरदस्त एक्शन करती दिखीं सुष्मिता सेन




सुष्मिता सेन की अवेटेड सीरिज आर्या 3 का ट्रेलर रिलीज हो गया है. फैंस को इसमें एक्ट्रेस का शेरनी अवतार देखने को मिला है. सुष्मिता सेन शेरनी के रूप में वापस आ गई हैं, राम माधवानी के क्राइम ड्रामा आर्या सीजन 3 के ट्रेलर में देखा जा सकता है, वह अपने तीन बच्चों को गैंगस्टरों की दुनिया से बचाते हुए क्रूरता से काम करती है. इस बार, वह खुद एक गैंगस्टर बन गई है, और नए-पुराने दुश्मनों से धमकियां ले रही है. ऐसा लग रहा है कि आर्या ने अपना घर-बार छोड़ दिया है और अब एक किले में रह रही हैं. अफ़ीम तस्करी का कारोबार उसे अपने परिवार से विरासत में मिला है. ट्रेलर की शुरुआत में, हम उसे एक अफ़ीम फार्म के ज़मीन मालिक से ज़बरदस्ती कागजात पर हस्ताक्षर करवाते हुए देखते हैं. कैसे? वह अपने आदमियों से उसका अंगूठा कटवाती है ताकि वह उसके खून को स्याही के रूप में इस्तेमाल कर सके. ट्रेलर में सुष्मिता सेन एक दम बेखौफ अंदाज में दिखी हैं.

इनमें उसके मृत पिता उदयवीर का दामाद सूरज (इंद्रनील सेनगुप्ता) शामिल है, जो उदयवीर की मौत का बदला लेने के लिए भारत वापस आया है. इला अरुण द्वारा निभाया गया एक अन्य किरदार भी है, जो आर्या के बिजनेस विस्तार को विफल करने का वादा करता है. इनके अलावा, एसीपी खान और रूसियों का नियमित समूह है, जो संभवतः उनके सौदे का उल्लंघन करने के बाद उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देते हैं. लेकिन आर्या पीछे हटने वाली महिला नहीं है।

# खेल



रोहित शर्मा

रन- 86 | बॉल- 63 | 4/6- 6/6 | स्ट्राइक रेट- 136.51

पाकिस्तान पर भारत की जीत का अनंत सिलसिला

## वर्ल्ड कप में 8वीं बार हराया, रोहित ने 86 रन बनाए, 192 का टारगेट 31 ओवर में चेज

अहमदाबाद। भारतीय टीम ने 192 रन का टारगेट 30.3 ओवर में हासिल कर लिया। कप्तान रोहित शर्मा ने 86 रन की पारी खेली। उन्होंने तीसरे विकेट के लिए श्रेयस अय्यर के साथ 77 रन की साझेदारी की। 19 रन देकर 2 विकेट लेने वाले जसप्रीत बुमराह प्लेयर ऑफ द मैच रहे। पाकिस्तान की ओर से बल्लेबाजी में कप्तान बाबर आजम ने इकलौता अर्धशतक लगाया। मोहम्मद रिजवान 49 रन पर आउट हुए। 5 इंडियन बॉलर्स ने 2-2 विकेट लिए।

भारत की ओर से रोहित के अलावा श्रेयस अय्यर ने 53 रन बनाए। शाहीन शाह अफरीदी ने सबसे ज्यादा 2 विकेट लिए। पाकिस्तान पर जीत के साथ भारत ने वनडे वर्ल्ड कप में 3 मैच जीत लिए हैं। टीम ने इससे पहले ऑस्ट्रेलिया को 6 और अफगानिस्तान को 8 विकेट से हराया था। 3 जीत के बाद भारत के 6 पॉइंट्स हो गए हैं और टीम पॉइंट्स टेबल में पहले नंबर पर आ गई है। बाबर आजम का विकेट भारत की जीत की वजह बना। बाबर के आउट होने से पहले पाकिस्तान 30 ओवर में 2 विकेट पर 155 रन था, लेकिन बाबर के बाद कोई भी बल्लेबाज नहीं टिक सका। बाबर मिडिल ओवर्स में धीरे-धीरे रन बनाते हैं। साझेदारियों से स्कोर को बड़ा करते हैं, लेकिन भारत ने उनका विकेट लेकर पाकिस्तान को बैकफुट पर ला दिया। भारत के गेंदबाजों ने अच्छी बॉलिंग की। लगातार विकेट गिराते रहे और जब पाकिस्तान प्रेशर में आया तो रोहित ने आक्रामक कप्तानी की और बॉलर्स का बदलाव सही किया। रनचेज के वक्त भारत की सोच सकारात्मक थी। भारत हमेशा रनरेट के मामले में पाकिस्तान से आगे ही रहा। रोहित शर्मा की एग्रेसिव बैटिंग ने जीत की राह आसान कर दी।

**वनडे वर्ल्ड कप में भारत Vs पाकिस्तान**

4 मार्च 1992 (सिडनी) – भारत 43 रन से जीता

9 मार्च 1996 (बेंगलुरु) – भारत 39 रन से जीता

8 जून 1999 (मैनचेस्टर) – भारत 47 रन से जीता

1 मार्च 2003 (सेंचुरियन) – भारत 6 विकेट से जीता

30 मार्च 2011 (मोहाली) – भारत 29 रन से जीता

15 फरवरी 2015 (एडिलेड) – भारत 76 रन से जीता

16 जून 2019 (मैनचेस्टर) – भारत 89 रन से जीता

14 अक्टूबर 2023 (अहमदाबाद) – भारत 7 विकेट से जीता

### भारत की शानदार गेंदबाजी, जडेजा के इंडिया में 100 विकेट पूरे

भारत की ओर से सबसे बढ़िया गेंदबाजी जसप्रीत बुमराह ने की। उन्होंने 7 ओवर में 2 विकेट लिए और उनकी इकोनॉमी महज 2.71 रन प्रति ओवर रही। कुलदीप यादव ने 10 ओवर में 35 रन देकर 2 विकेट लिए। रवींद्र जडेजा ने 38 रन खर्च कर 2 विकेट लिए। भारत में उनके 100 वनडे विकेट पूरे हो चुके हैं। वह ऐसा करने वाले छठे खिलाड़ी ही बने। सिराज और हार्दिक को भी 2-2 सफलताएं मिलीं।

### इमाम के विकेट से पहले हार्दिक का खास एक्शन

13वें ओवर की दूसरी बॉल हार्दिक पंड्या ने शॉर्ट पिच फेंकी, इस पर इमाम-उल-हक ने चौका लगा दिया। अगली बॉल से पहले उन्होंने गेंद हाथ में ली और कुछ बोलते नजर आए।

### एक नजर

## रोहित शर्मा के वनडे में 300 छक्के पूरे

वर्ल्ड कप में पाकिस्तान से रिकॉर्ड 8वीं बार जीता भारत; भारत-पाक मैच के रिकॉर्ड्स



**पाकिस्तान के खिलाफ सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय**

| प्लेयर | मैच | रन | छक्के | चौके |
|---|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा | 5 | 316 | 17 | 27 |
| एमएस धोनी | 18 | 684 | 15 | 46 |
| मोहम्मद अजहरुद्दीन | 25 | 735 | 10 | 47 |

**अहमदाबाद।** वनडे वर्ल्ड कप में भारत ने रिकॉर्ड 8वीं बार पाकिस्तान को हराया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत ने 7 विकेट से मुकाबला जीता। टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने 6 छक्के लगाकर 86 रन की पारी खेली। वह पाकिस्तान के खिलाफ सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय कप्तान बने। शनिवार को खेले गए मैच में रोहित शर्मा ने 4 रिकॉर्ड बनाए। वहीं रवींद्र जडेजा भारत में 100 वनडे विकेट लेने वाले छठे खिलाड़ी बने। टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने पाकिस्तान के खिलाफ मैच में 6 छक्के लगाए। इसी के साथ पाकिस्तान के खिलाफ बतौर वनडे कप्तान उनके 17 छक्के हो गए हैं। रोहित पाकिस्तान के खिलाफ सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले भारतीय कप्तान बन गए। उन्होंने पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का रिकॉर्ड तोड़ा। जिन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ 18 वनडे में 15 छक्के लगाए थे।

### हार्दिक ने मंत्र पढ़कर गेंद डालने का राज खोला

विराट ने बाबर को जर्सी दी, बुमराह ने रिजवान-शादाब को बोल्ड किया; मोमेंट्स

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत और पाकिस्तान के बीच वर्ल्ड कप का 12वां मुकाबला टीम इंडिया ने 7 विकेट से जीता। टॉस जीत कर भारत ने पहले फील्डिंग करने का फैसला लिया। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पूरे 10 विकेट खो कर 42.4 ओवर में 191 रन बनाए, वहीं, भारत ने 30.3 ओवर में टारगेट चेज कर लिया। इस मुकाबले में कई रोचक मोमेंट्स देखने को मिले। मैच से पहले बॉलीवुड सिंगर्स ने परफॉर्म किया। वहीं, मैच के दौरान भारत के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर भी मौजूद रहे। मैच के बाद विराट कोहली ने बाबर आजम को टीम इंडिया की जर्सी दी। भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली क्रिकेट लीजेंड सचिन तेंदुलकर से गले मिले। मैच शुरू होने से पहले सचिन मैदान पर ट्रॉफी प्रेजेंट करने आए थे। इसके बाद सचिन और विराट आपस में मिले और बातचीत की। दोनों ने फिर एक-दूसरे को गले लागाया।



भारत पॉइंट्स टेबल में टॉपर

## अब तीन मैच भी और जीते तो सेमीफाइनल की राह आसान




एक शानदार जीत, वो भी लगातार 8वीं बार। यही कहानी थी भारत बनाम पाकिस्तान के वर्ल्ड कप मुकाबले की। भारतीय गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के आगे पाकिस्तानी बल्लेबाजी ढेर हो गई। फिर रही सही कसर भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने पूरी कर दी।

### टीम इंडिया बनी टेबल टॉपर

पाकिस्तान से खेले गए मुकाबले के बाद, टीम इंडिया वर्ल्ड कप 2023 की पॉइंट्स टेबल पर सबसे ऊपर पहुंच गई है। भारत जितने ही मुकाबले जीतकर और लगभग एक जैसे नेट रन रेट के साथ, न्यूजीलैंड दूसरे स्थान पर है। वहीं, 2 मुकाबले जीतकर साउथ अफ्रीका ज्यादा नेट रन रेट होने के बाद भी तीसरे नंबर पर है। पाकिस्तान चौथे नंबर पर है।

### भारतीय टीम जैसा खेल रही है, वैसा ही खेले

भारत अपने 3 मैच जीत चुका है। टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान और पाकिस्तान को हरा दिया है। अभी भारत के 9 में से 6 मैच बाकी है, अगर टीम इनमें से 4 भी जीतती है, तो सेमीफाइनल में आराम से क्वॉलीफाई करेगी। अगर, इंडिया 3 ही मैच जीते तो भी सेमीफाइनल में पहुंचना करीब 90% पक्का हो जाएगा।

## अर्जेंटीना विमेंस टीम ने चिली को 364 रन से हराया

विमेंस टी-20 इंटरनेशनल में 400+ स्कोर बनाने वाली पहली टीम बनी

अर्जेंटीना विमेंस क्रिकेट टीम ने तीन मैचों की टी-20 सीरीज के पहले मुकाबले चिली की टीम को 364 रनों से हरा दिया। यह विमेंस टी-20 क्रिकेट में रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत है। पिछला रिकॉर्ड युगांडा विमेंस टीम के नाम था, जिन्होंने माली को 304 रनों से हराया था।



### अर्जेंटीना ने 427 रन का बड़ा स्कोर बनाया

चिली की टीम 3 मैचों की टी-20 सीरीज खेलने के लिए अर्जेंटीना दौरे पर गई है। शुक्रवार को ब्यूनस आयर्स के सेंट एल्बंस क्लब में खेले गए मैच में चिली ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया।

अर्जेंटीना की टीम ने 20 ओवर में केवल एक विकेट गवांकर 427 रन का बड़ा स्कोर बना दिया। इस स्कोर का पीछा करने उतरी चिली की टीम 15 ओवर में सिर्फ 63 रनों पर ऑल-आउट हो गई।

चिली की 15 साल की ऑलराउंडर फ्लोरेंकिया मार्टिनेज ने एक ओवर में 52 रन दे दिए। यही नहीं चिली की टीम ने 73 एक्स्ट्राज फेंके, जिसमें से 64 नॉ-बॉल थीं।

अर्जेंटीना के लिए लूसिया टेलर और अल्बर्टिना गैलन ने शतक बनाए। टेलर ने 169 रन की पारी खेली। इससे पहले यह रिकॉर्ड बहरीन की एचएम रासंगिका के नाम थे जिन्होंने नाबाद 161 रनों की पारी खेली थी। अर्जेंटीना के दोनों ओपनर्स ने 350 रन की साझेदारी की जो टी-20 इंटरनेशनल में सबसे बड़ी साझेदारी का रिकॉर्ड है। यह विमेंस टी-20 इंटरनेशनल का सबसे बड़ा स्कोर है। साथ ही विमेंस टी-20 इंटरनेशनल में 350 से ज्यादा स्कोर वाला भी पहला मैच था।

# ज्ञान, वैराग्य और तपस्या की देवी है मां ब्रह्मचारिणी-अरविन्द तिवारी

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर चांपा।




नवरात्री में नौ दिनों तक मां दुर्गा के अलग अलग स्वरूपों की पूजा होती है। हर दिन मां के अलग-अलग मंत्रों का उच्चारण करने और अलग अलग भोग लगाने से मां प्रसन्न होकर मनोकामना पूरी होने का आशीर्वाद देती हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुये अरविन्द तिवारी ने बताया कि नवरात्रि के दूसरे दिन आज मां दुर्गा की नौ शक्तियों के दूसरे स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी के दर्शन पूजन का विधान है। इस दिन साधक का मन ष्स्वाधिष्ठान ष्चक्र में शिथिल होता है। इस चक्र में अवस्थित मनवाला योगी उनकी कृपा और भक्ति प्राप्त करता है। देवी की कृपा से उसे सर्वत्र सिद्धि और विजय की प्राप्ति होती है। माँ ब्रह्मचारिणी के नाम का अर्थ, ब्रह्म मतलब तपस्या और चारिणी का अर्थ आचरण करने वाली देवी होता है। मां ब्रह्मचारिणी को ज्ञान, तपस्या और वैराग्य की देवी माना जाता है। कठोर साधना और ब्रह्म में लीन रहने के कारण भी इनको ब्रह्मचारिणी कहा गया है। ब्रह्मचारिणी रूप की आराधना से उम्र लम्बी होती है। मान्यता है कि इन देवी की आराधना से विवाह में आने वाली हर बाधा दूर हो जाती है। माँ दुर्गा का यह स्वरूप भक्तों और सिद्धों को अनंत फ्ल देने वाला है। इनका स्वरूप पूर्ण ज्योतिर्मय और अत्यंत भव्य ए दिव्य रूप में होता है। इनके दाहिने हाथ में जप की माला और बायें हाथ में कमंडल लिये श्वेत वस्त्र में देवी विराजमान होती हैं। माँ ब्रह्मचारिणी पूजा, तप, शक्ति, त्याग, सदाचार,संयम और वैराग्य में वृद्धि करती है और शत्रुओं का नाश करती है। ये अक्षय माला और कमंडलधारिणी, शास्त्रों के ज्ञान और निगमागम तंत्र-मंत्र आदि से संयुक्त है। अपने भक्तों को वे अपनी सर्वज्ञ सम्पन्न विद्या देकर विजयी बनाती हैं। इस दिन ऐसी कन्याओं का पूजन किया जाता है कि जिनकी शादी तय हो गई है लेकिन अभी भी शादी नहीं हुई है। उन्हें अपने घर बुलाकर पूजन के पश्चात भोजन कराकर वस्त्र, पात्र आदि भेंट किये जाते हैं। नवरात्रि के दूसरे दिन मां को शक्कर और पंचामृत का भोग लगाने से लंबी आयु का वरदान मिलता है। नवरात्रि के दूसरे दिन ब्रह्मचारिणी की पूजा में हरे रंग का कपड़ा पहनना शुभ माना जाता है और इस दिन लम्बी उम्र की कामना के लिये शक्कर का भोग लगाया जाता है। मां ब्रह्मचारिणी को दूध और दही का भोग लगाया जाता है। इसके अलावा चीनी ए सफेद मिठाई और मिश्री का भी भोग लगाया जा सकता है। इसके साथ ही मां ब्रह्मचारिणी को मिश्री ए चीनी और पंचामृत का भेग लगाया जाता है। इन्हीं चीजों का दान करने से लंबी आयु का सौभाग्य भी पाया जा सकता है। माता ब्रह्मचारिणी हमें यह संदेश देती हैं कि जीवन में बिना तपस्या अर्थात कठोर परिश्रम के सफ्लता प्राप्त करना असंभव है। बिना श्रम के सफ्लता प्राप्त करना ईश्वर के प्रबंधन के विपरीत है। अत: ब्रह्मशक्ति अर्थात समझने व तप करने की शक्ति हेतु इस दिन शक्ति का स्मरण करें। योग शास्त्र में यह शक्ति स्वाधिष्ठान में स्थित होती है। अतरू समस्त ध्यान स्वाधिष्ठान में करने से यह शक्ति बलवान होती है एवं सर्वत्र सिद्धि व विजय प्राप्त होती है। आज के दिन मां के श्या देवी सर्वभूतेषु मां ब्रह्मचारिणी रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नम:॥ इसके अलावा ब्रह्मचारिणी ह्रीं अम्बिकायै नम: मंत्र का जप किया जाता है। आईये अब हम आपको बताते हैं कि माँ दुर्गा के नवों रूपों की पूजा करते समय कौन सी रंग के कपड़ा पहनने चाहिये और माता को क्या भोग लगाना चाहिये। पहले दिन माता शैलपुत्री की पूजा का विधान है, इस दिन पीले रंग का कपड़ा पहनना शुभ माना जाता है और इस दिन माँ भगवती को घी का भोग लगाया जाता है ताकि हम निरोग रहें। दूसरे दिन ब्रह्मचारिणी की पूजा होती है ए इस दिन हरे रंग का कपड़ा पहनना शुभ माना जाता है और इस दिन लम्बी उम्र की कामना के लिये शक्कर का भोग लगाया जाता है। तीसरे दिन चंद्रघंटा की पूजा का विधान है इस दिन हल्के भूरे रंग का कपड़ा पहनना शुभ माना जाता है और समस्त दु:खों के नाश के लिये माँ भगवती को दूध का भोग लगाया जाता है। चौथे दिन कुष्माण्डा की पूजा का विधान है इस दिन संतरा रंग का कपड़ा पहनना शुभ माना जाता है और इस दिन देवी को मालपुआ का भोग लगाया जाता है पांचवें दिन स्कंदमाता की पूजा का विधान है इस दिन सफेद रंग का कपड़ा पहनना शुभ माना जाता है एवं केला का भोग लगाया जाता है। छठवे दिन कात्यायनी की पूजा का विधान है इस दिन लाल रंग का कपड़ा पहनना शुभ माना जाता है और इस दिन शहद का भोग लगाया जाता है। सातवें दिन कालरात्रि की पूजा का विधान है इस दिन नीले रंग का कपड़ा पहनना शुभ है और इस दिन देवी को गुड़ या नींबू काटकर अर्पित किया जाता है। आठवें दिन महागौरी की पूजा का विधान है इस दिन गुलाबी कपड़ा पहनना शुभ माना जाता है और नारियल का भोग लगाया जाता है। नवरात्रि के अंतिम दिन माँ भगलती की पूजा सिद्धिदात्री के रूप में की जाती है इस दिन बैगनी रंग का कपड़ा पहनना शुभ होता है और देवी को अनार का भोग लगाना अत्यंत लाभदायक माना जाता है।

## एक नजर

### समस्त विधानसभा स्तरीय मतदान दलों के प्रशिक्षण हेतु तिथि एंव स्थल निर्धारित

16 अक्टूबर से प्रारंभ हो रहा है मतदान दलों का प्रशिक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले के समस्त विधानसभा स्तरीय मतदान दलों के प्रशिक्षण हेतु तिथि व स्थल निर्धारित किया है। जिसमें स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय जशपुर बालक विद्यालय में विधानसभा 12.जशपुर में 16 अक्टूबर 2023 को पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी .01, 18 अक्टूबर 2023 को मतदान अधिकारी.2 एवं मतदान अधिकारी 03 एवं 19 अक्टूबर 2023 को महिला मतदान अधिकारी का 11 बजे से शाम 5 बजे तक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय बगीचा में 16 अक्टूबर 2023 को पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी .01, 18 अक्टूबर 2023 को मतदान अधिकारी-2 एवं मतदान अधिकारी 03 एवं 19 अक्टूबर 2023 को महिला मतदान अधिकारी का 11 बजे से शाम 5 बजे तक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसी प्रकार स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुनकुरी विधानसभा 13. कुनकुरी में 16 अक्टूबर 2023 को पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी .01, 18 अक्टूबर 2023 को मतदान अधिकारी 2 एवं मतदान अधिकारी 03 एवं 19 अक्टूबर 2023 को महिला मतदान अधिकारी का 11 बजे से शाम 5 बजे तक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

साथ ही 14 पत्थलगांव विधानसभा के मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण ठाकुर शोभा सिंह शासकीय महाविद्यालय पत्थलगांव में 16 अक्टूबर 2023 को पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी .01ए 18 अक्टूबर 2023 को मतदान अधिकारी 2 एवं मतदान अधिकारी 03 एवं 19 अक्टूबर 2023 को महिला मतदान अधिकारी का 11 बजे से शाम 5 बजे तक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस प्रशिक्षण के अंतिम कालखण्ड में समस्त प्रशिक्षुओं का प्रशिक्षण के संबंधित परीक्षा ली जाएगी।

शारदीय नवरात्र पर्व शुरू

### मनोकामना की ज्योति से जगमग होगें देवी के दरबार

**कोरबा** । क्वांर शुक्ल प्रतिपदा के साथ शारदीय नवरात्र का पर्व आज से शुरू हो रहा है। मंदिरों में घट स्थापना के साथ मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित की जाएगी। सुसज्जित पंडालों में स्थापित प्रतिमाएं आकर्षण का केंद्र रहेंगी। नौ दिनों तक चलने वाली नवरात्र को लेकर श्रद्धालुओं में उल्लास देखा जा रहा है।

उत्साह व आनंद के महापर्व नवरात्र को लेकर आस्था का उत्साह जिले भर में उमड़ने लगा है। मंदिरों में घट स्थापना की तैयारी सभी देवी मंदिरों में पूरी की जा चुकी है। पर्व में ज्योति व जवारा कलश दर्शन का विशेष महत्व रहेगा। देवी मंदिरों के लिए प्रसिद्ध मंडवारानी, कोसगाई, चैतुरगढ़ अष्टभुजी मंदिर सहित अन्य पर्वतीय देवी स्थलों में ज्योति कलश प्रज्वलित कराने रसीद काटे जाने का दौर पर्व के एक दिन पहले तक जारी रहा। शहर के प्रसिद्ध सर्वमंगला देवी मंदिर में प्रतिवर्ष हजारों की संख्या में ज्योति कलश प्रज्वलित की जाएगी। देवी मंदिर में आगामी नौ दिन तक तक सुबह से रात तक चहल पहल बनी रहेगी। ज्योति कलश के साथ जवारा कलश भी प्रज्वलित किए जाएंगे। शहर के निकट भवानी मंदिर में भी दर्शनार्थी भक्तों की भीड़ रहेगी। पीतल के कलश में प्रज्वलित ज्योति कलश दर्शन यहां आकर्षण का केंद्र रहेगा। चंडी यज्ञ का आयोजन मंदिर परिसर में प्रति वर्ष किया जाता है। शहरी क्षेत्र के अलावा सुदूर अंचलों के देवी मंदिरों में तैयारी लगभग पूरी की जा चुकी है। इस कड़ी में कोसगाई देवी मंदिर में पहाड़ के उपर ज्योति कलश प्रज्वलित किया जाएगा। पर्वत में सप्तमी व नवमी तिथि की पूजा में शामिल होने वाले भक्तों की खासी भीड़ रहेगी। चैतुरगढ़ स्थित अष्टभुजी मंदिर में भी पर्वत वासिनी देवी स्थल में जवारा कलश प्रज्वलित किया जाएगा। मंदिरों के अलावा शहर के रविशंकर शुक्ल नगर, ओल्ड दुर्गा पंडाल मानिकपुर, एमपी नगर, पुराना बस स्टैंड, आरपी नगर फेस वन, फेस टू, में देवी प्रतिमा की स्थापना के लिए पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। आकर्षक साज सज्जा व इलेक्ट्रिकल डेकोरेशन से स्थलों को सुसज्जित किया जा रहा है। मंदिर में जसगीत माता सेवा के साथ जगराता आयोजन की धूम रहेगी। शहरी क्षेत्र के अलावा उपनरीय क्षेत्र दीपका, बांकीमोंगरा, पाली, चैतमा, कटघोरा, छुरी, करतला, बरपाली, पसान, तुमान, हरदीबाजार, जमनीपाली, बालको के देवी मंदिरों में ज्योति कलश प्रज्जवलित किए जाएंगे। साथ आकर्षक पंडालों में देवी प्रतिमा स्थापित की जाएगी। आस्था व उल्लास के पर्व में राजनैतिक दलों से जुड़े नेता भी देवी का आशीर्वाद लेने की होड़ में पीछे नहीं है। शहर के सर्वमंगला मंदिर में शारदीय नवरात्र के अवसर पर 9,000 मनोकामना दीप मंदिर में प्रज्वलित होंगे।

# अभिभावकों और छात्राओं को निष्पक्ष मतदान करने दिलाई गई शपथ

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम होली क्रॉस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घोलेंग में हुआ आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



स्वीप जशपुर और जशप्रण के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम होली क्रॉस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घोलेंग में हुआ। कल अभिभावक मीटिंग विद्यालय में रखा गया था। प्रारंभ में शिक्षिका नीलम तिर्की द्वारा अभिभावकों का स्वागत अभिनंदन किया गया। तत्पश्चात प्राचार्य सिस्टर अजित द्वारा अभिभावकों को संबोधित करते हुए विद्यालयीन गतिविधियों, बोर्ड परीक्षा परिणाम से अभिभावकों को अवगत कराया गया। इसके बाद व्याख्याता ईशप्रिया रजनी द्वारा अनुशासन के महत्व को समझाया गया। तत्पश्चात् अभिभावकों और स्टाफ के बीच चर्चाएं हुई।

मीटिंग की समाप्ति के बाद विद्यालय स्टेज के समक्ष बैनर तले अभिभावकों और छात्राओं को स्वयं सेविकाओं के द्वारा मतदान के महत्व और कर्तव्य के बारे में समझाया गया। आगे भी रैली क्विज और अन्य कार्यक्रम चलते रहने की जानकारी नोडल अधिकारी द्वारा दी गई। अंत में प्राचार्य एसमस्त स्टाफ अभिभावकों, छात्राओं को निष्ठा पूर्वक एवं निष्पक्ष शत प्रतिशत मतदान करने के लिए शिक्षक प्रशांत के द्वारा शपथ दिलाई गई।

विधानसभा आम निर्वाचन 2023

# कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने निर्वाचन में प्रतिदिन की गतिविधियां के संबंध में ली बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फ रिहा आलम सिद्दीकी ने जिले के सभी रिटर्निंग अधिकारियों, सीईओ, सीएमओ, डीईओ, बीईओ सहित निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी अधिकारियों से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विधानसभावार किये गए तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली। कलेक्टर ने जिले के सभी विधानसभा के तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। रिटर्निंग अधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों द्वारा विधानसभावार चुनाव कार्य संबंधी तैयारियों की विस्तृत जानकारी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को दी गई। बैठक में कलेक्टर ने विधानसभावार मतदान दलों को मतदान केन्द्रों तक सुरक्षित पहुंचाने एवं सुरक्षित वापसी हेतु बनाए गए रूट चार्ट, मतदान केन्द्रों में जरूरी व्यवस्थाएं, वेबकास्टिंग की व्यवस्था, प्रेक्षकों के लिये लाईजिनिंग अधिकारियों की नियुक्ति एवं उनके लिये जरूरी व्यवस्थाओं, स्ट्रांग रूम की व्यवस्था, चेक पोस्ट की स्थापना, निर्वाचन कार्य हेतु वाहन व्यवस्था के संबंध में जानकारी लेते हुए अन्य जरूरी व्यवस्था आदि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज, डिप्टी कलेक्टर टी आर माहेश्वरी, पंचायत नोडल हरिशंकर चौहान, समस्त सीईओ, सीएमओ सहित बीईओ के अलावा अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

# कलेक्टर, एसपी ने किया निर्वाचन शाखा, कंट्रोल रूम एवं एमसीएमसी कक्ष का औचक निरीक्षण

सौंप गए दायित्वों का ईमानदारी पूर्वक करने के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।





कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल एव वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डी रविशंकर ने विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत कलेक्ट्रेट में बनाए गए निर्वाचन शाखा, एमसीएमसी कक्ष, कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने ड्यूटी लगाए गए कर्मचारियों की उपस्थिति की जानकारी लेकर सौंपे गए दायित्वों से अवगत हुए। कलेक्टर ने सभी कर्मचारियों को सौंपे गए कार्यों को पूरी ईमानदारी से करने निर्देश दिए तथा हौसला अफ्जाई करते हुए समस्याओं से अवगत हुए तथा किसी प्रकार की परेशानी होने पर अवगत कराने कहा। उन्होंने एमसीएमसी कक्ष पहुंचकर ड्यूटी में लगे कर्मचारियों को प्रिंट इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया में प्रसारित पैड न्यूज एवं विज्ञापनों पर निरंतर निगरानी करने निर्देश दिए। उन्होंने कंट्रोल रूम में लगे कर्मचारियों को भी फोन समय पर रिसीव करने निर्देश दिया तथा संबंधित अधिकारी को समस्याओं के संबंध में अवगत कराने कहा। इस दौरान अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर पी चौहान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# शहर स्थित एस्ट्रोटर्फ हॉकी ग्राउंड में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

* हॉकी खिलाड़ियों, युवा मतदाताओं को मतदान करने दिलाई गई शपथ

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



जिले भर में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक

आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 सहित सभी निर्वाचनों में नागरिकों द्वारा शत-प्रतिशत मतदान करने एवं उन्हें अपने मताधिकार का उपयोग करने हेतु जागरूक किया जा रहा है। स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां जिले भर में कराई जा रही है। इसी कड़ी में जशपुर स्थित एस्ट्रोटर्फ हॉकी ग्राउंड में भी मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां सभी वर्ग के हॉकी खिलाड़ियों को मतदान के बारे में जानकारियां दी है। साथ ही सभी को मताधिकार के उपयोग की शपथ दिलाई गई। इस दौरान वहां मौजूद अधिकारियों ने खिलाड़ियों, युवाओं से अपील करते हुए कहा कि आप लोग अपने परिवार में व अपने आसपास के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करें। अधिक से अधिक मतदान करने की अपील करें। गौरतलब है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला सहित पूरे प्रदेश में मतदाता जागरूता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। वहीं जिले में युवा, खिलाड़ी, ग्रामीण सहित सभी वर्ग के लोग इन कार्यक्रमों में रूचि दिखा रहें और बढ़-चढ़कर जागरूकता अभियान में शामिल हो रहे है। जश.प्रण स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत युवाओं को अपने मताधिकार के उपयोग के प्रति जागरूक करने में अधिकारी और कर्मचारी भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। प्रति दिन अलग-अलग गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। जिसमें स्कूल और कॉलेजों में पोस्टर,पेंटिंग,लेखन,रंगोली सहित कई प्रतियोगिताएं शामिल हैं। इसी तरह हर स्तर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

# खम्हरिया में चल रहा स्काउट गाइड शिविर

जोहार छत्तीसगढ़-कसडोल।



बिलाईगढ़ विकासखंड स्तरीय द्वितीय सोपानध्रोवर रेंजर निपुण जॉच शिविर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खम्हरिया में आयोजित है। इस शिविर में स्काउट की संख्या 192, गाइड 168, रोवर 24 व रेंजर 06 शामिल होकर स्काउटिंग के गुण सीख रहे है। प्रथम दिवस मुख्य अतिथि के रूप में विशेषर साहू एसएमडीसी अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि दरस राम टंडन, सेवक लाल पटेल प्राचार्य शास उच्च माध्य शाला खम्हरिया,दुबे प्रसाद यादव की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। एस एल पटेल ने उद्बोधन के दौरान बच्चों को संबोधित करते हुए स्काउटिंग की महत्ता पर प्रकाश डाला। छात्र जीवन के अनुभव को साझा करते हुए एक अच्छा नागरिक बनने हेतु अपील किया। कार्यक्रम दौरान विभिन्न स्कूलों से आए शिक्षकों ग्रामवासियों व प्रशिक्षक मंडल की उपस्थिति ने ओपनिंग को चार चांद लगा दिया।

## दिनभर की गतिविधियों पर एक नजर

स्काउट गाइड के बच्चें सुबह से लेकर रात तक विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से स्काउटिंग सीख रहे है। सुबह योग व्यायाम से दिन की शुरुवात होती हैं फि र ध्वज शिष्टाचार, निरीक्षण पश्चात शिक्षण सत्र में बच्चें ज्ञान की बाते सीख रहे है। बच्चें गांठे को बहुत रुचि के साथ सीखते हुए रात्रि में कैम्प फ ायर का आनंद लेते है। रात्रिकालीन कैम्प फायर कार्यक्रम बच्चों का मन भा लेता है। इस शिविर के सफ ल संचालन हेतु प्रशिक्षक मंडल की नियुक्ति की गई हैं। जिसमें मनोहर लाल साहू शिविर संचालक स्काउट, सुश्री धात्री नायक,शिविर संचालक गाइड, श्याम कुमार साहू शिविर संचालक रोवर, निर्मला साहू शिविर संचालक रेंजर, देव देवांगन शिविर संचालक कब,सहायक शिविर संचालक भागवत प्रसाद साहू, ओंकारेश्वर श्रीवानी,दानीराम साहू,लक्ष्मण नामदेव, परमानंद साहू,धनीराम निराला,कलेश्वर साहू,कल्पना भोई, पार्वती वैष्णव,अनिता महिष,मीना जांगड़े, कुसुम साहू, राजेश्वरी कैवर्त, कमरून निशा, यू साहू लक्ष्मीकांत साहू, प्रहलाद कैवर्त, मुरारी लाल आदित्य, रुखमण सिंह सरदार तथा पर्यवेक्षक शंकर लाल साहू डीटीसी स्काउट, श्रूनम सिंह साहू,स्काउट, दीपक कुमार पाण्डेय स्काउट है।

# क्यों जरुरी हो जाता चुनावी समय में धारा 151 की कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़–बलौदाबाजार।

समाज में सही ढंग से न्याय व्यवस्था और अनुशासन बनाने के लिए कानून के सभी प्रक्रियात्मक यंत्र के प्रत्येक कलपुर्जे का कुशलतापूर्वक कार्य करना अत्यंत आवश्यक हैए अन्यथा यह उस समाज के हित के लिए हानिकारक भी हो सकता है, जिस समाज के हित के लिए ही ये कानून बनाए जाते हैं। भारतीय दंड संहिता की धारा 151 के अनुसार उन सभी अपराधियों को गिरफ्तार करके कानून में वर्णित प्रावधानों के अनुसार सजा दी जाती है, जिससे कि वे भविष्य में कभी भी ऐसी किसी गैंग में न तो शामिल हों और न ही किसी को शामिल होने के लिए प्रेरित करें।

## प्रक्रिया

इस धारा का मुख्य उद्देश्य उन सभी लोगों को सजा दिलवाने का होता है,जो समाज में अशांति फ़ैलाने का कार्य करते रहते हैं, जब किसी समाज में किसी गैर कानूनी जन सभा द्वारा कोई अपराध को अंजाम दिया जाता है, जिसमें सभी अपराधियों का एक जैसा उद्देश्य हो, तो ऐसे अपराधियों को पुलिस के अधिकारी प्रथम सूचना रिपोर्ट होने के बाद गिरफ्तार कर सकते हैं, और यदि प्रथम सूचना रिपोर्ट नहीं की गयी है, और पुलिस को अपराध के बारे में कहीं और से कोई जानकारी प्राप्त होती है, तो ऐसी स्तिथि में पुलिस अधिकारी न्यायालय से उन आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी का वारंट बनवा सकते हैं, जिसके आधार पर उन सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया जा सकता है। किन्तु गिरफ्तार किये गए व्यक्ति को 24, घंटे के भीतर ही न्यायालय में मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश करना अनिवार्य होता है। यह एक अपराधी को भारतीय संविधान के मौलिक अधिकार में अनुच्छेद 22 में दिया गया अधिकार हैए अगर कोई पुलिस का अधिकारी ऐसा नहीं करता है, तो उस अधिकारी के खिलाफ न्यायालय में मुकदमा भी दर्ज किया जा सकता है।

## धारा 151 के अंतर्गत सजा और जमानत का प्रावधान

सामान्यत: धारा 151 के अनुसार जहां कोई व्यक्ति कोई ऐसे समूह में शामिल होता है, जिसमें पांच या पांच से अधिक लोग जुड़े हुए हों, और जिनका मुख्य उद्देश्य जन शांति को भंग करना होता है। जब कोई गैर क़ानूनी जन सभा किसी समाज के लोगों में अशांति फैलाने की कोशिश करती है, तो वहां की पुलिस ऐसे सभी अपराधियों को जो किसी भी प्रकार से उस गैर कानूनी जन सभा से जुड़े हुए हैं, तो ऐसे प्रत्येक व्यक्ति को भारतीय दंड संहिता की धारा 151, के अनुसार कारावास की सजा का प्रावधान दिया गया है, और जिसकी समय सीमा को 6 बर्ष तक बढ़ाया जा सकता है, और कारावास के साथ ही आर्थिक दंड का प्रावधान भी दिया गया है, यह आर्थिक दंड न्यायालय अपने विवेक से और अपराधी की हैसियत और उसके जुर्म की गहराई को देखकर निश्चित करती है। इस धारा के अंतर्गत आने वाले आरोपी को जमानत देने का भी प्रावधान दिया गया है, क्योंकि यह बहुत अधिक संगीन अपराध की श्रेणी में नहीं आता है। जिससे इस धारा के मामले में जमानत मिलने के अवसर और अधिक बढ़ जाते हैं। एक व्यक्ति जमानत लेने के लिए जमानत के सभी चरणों का पालन करते हुए अपनी जमानत प्राप्त कर सकता है।

## जिले में जनवरी 2023 से सितम्बर 2023 तक की 151 की कार्यवाही

बलौदाबाजार 75 प्रकरण में 123 व्यक्तियों पर अपराध दर्ज करहीबाजार 7 प्रकरण में 7व्यक्तियों पर अपराध दर्ज पलारी 45 प्रकरण में 54 व्यक्तियों पर अपराध दर्ज कसडोल 33 प्रकरण में 74 व्यक्तियों पर अपराध दर्ज सोनाखान एक भी व्यक्ति पर अपराध दर्ज नहीं है राजादेवरी 4 प्रकरण में 19 व्यक्तियों पर अपराध दर्ज बया1 प्रकरण में 1 व्यक्तियों पर अपराध दर्ज गिधपुरी 3प्रकरण में 3व्यक्तियों पर अपराध दर्ज भाटापारा शहर 61प्रकरण में 144 व्यक्तियों पर अपराध दर्ज भाटापारा ग्रामीण 75 प्रकरण में 95व्यक्तियों पर अपराध दर्ज सुहेला 29 प्रकरण में 34 व्यक्तियों पर अपराध दर्ज सिमगा 47 प्रकरण में 196 व्यक्तियों पर अपराध दर्ज गिधौरी 15 प्रकरण में 19व्यक्तियों पर अपराध दर्ज गिरौधपुरी 4 प्रकरण में 5 व्यक्तियों पर अपराध दर्ज लवन 33 प्रकरण में 45 व्यक्तियों पर अपराध दर्ज हथबंद 12 प्रकरण में 13 व्यक्तियों पर अपराध दर्ज है इस प्रकार जिले भर में भदावि के कूल 444 मामलो में 832 व्यक्तियों पर प्रकरण दर्ज है।

# कांग्रेस में टिकट एलान के बाद बढ़ेगा टकराव

### भाजपा के बड़े नेताओं ने बिंद्रानवागढ़ में बगवात रोकने पहुंचे,नाराज नेताओं से बंद कमरे में किया चर्चा




**देवभोग।** बिंद्रानवागढ़ में भाजपा ने पूर्व विधायक गोवर्धन मांझी को प्रत्याशी बनाने के बाद विधायक डमरूधर पुजारी नाराज चल रहे थे,बाबा उदयनाथ, हलमन ध्रुवा की नाराजगी भी जगजाहिर थी।नाराजगी के चलते दावेदार भागीरथी मांझी आप में शामिल हो गए। बात बिगड़ते देख डेमेज कंट्रोल की जिम्मेदारी भाजपा ने पार्टी कोषाध्यक्ष दिलीप जायसवाल और संभाग सह प्रभारी रजनीश पाणीग्राही को सौपा था। शुक्रवार को दोनों बड़े नेता राजिम पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय और भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश साहू,मंडल अध्यक्ष गुरु नारायण तिवारी के साथ दिन भर बिंद्रानवागढ़ में रहे।पहले बाबा उदयनाथ से मिलने कदलीमुड़ा पहुंचे। फिर डमरूधर पूजारी के निवास मूनगापदर पहुंचे। जहां हलमन ध्रुवा को भी बुलाया गया था। प्रदेश के नेताओं ने पुजारी व ध्रुवा से बंद कमरे में घंटे भर तक चर्चा किया। इस दरम्यान भाजपा प्रत्याशी गोवर्धन मांझी भी मौजूद रहे। इस सार्थक मूलाकात के बाद आला नेताओं ने नाराजगी दूर करने के साथ–साथ सीट जीतने का दावा भी कर दिया।भाजपा के इस डैमज कंट्रोल के बाद स्थानीय कार्यकर्ताओं ने भी राहत की सांस लिया है। चाय के टेबल पर बोले केबिनेट मंत्री मिलेगा विधानसभा को–राहत भरी सांस लेने के बाद नेताओं के बीच चर्चा का दौर जारी रहा। चाय की चुस्की के साथ नेताओं ने कहा कि पिछली सरकार ने गोवर्धन मांझी को संसदीय सचिव का दर्जा दिया गया था,चुनाव के बाद सरकार बनते ही केबिनेट मंत्री बनाने का दावा किया। टिकट घोषणा के बाद कांग्रेस में घमासान बाकी– बैठको के दौर के बाद कांग्रेस ने भी नाम तय कर दिया है।मिडिया रिपोर्ट में जहां पूर्व प्रत्याशी संजय नेताम को प्रत्याशी का दावा किया गया है,वहीं प्रदेश कार्यालय में 2013 में प्रत्याशी बनाए गए जनक के नाम का जोर है। कहा जा रहा है की टिकट के ऐलान के बाद कांग्रेस में भी फूट फड़ जाएगा।


## ब्रिक्स गेम्स डरबन में विनय बैसवाड़े भारत का प्रतिनिधित्व करेगें

**कोरबा** । भारतीय टेबल टेनिस महासंघ के तकनीकी समिति के सदस्य श्री विनय बैसवाड़े का चयन भारतीय टेबल टेनिस दल का प्रतिनिधित्व टेकनीकल ऑफिशियल के रूप में दिनांक 18 से 21 अक्तूबर 2023 तक डरबन, साऊथ अफ्रीका में आयोजित ब्रिक्स गेम्स टेबल टेनिस 2023 में करने हेतु किया गया है।

# कांग्रेस प्रवक्ताओं को मीडिया रणनीति और संचार पर एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण

### *एक मुद्दे पर एक स्वर में रखेंगे पार्टी का पक्ष*

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।



विधानसभा चुनाव की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए प्रदेश कांग्रेस की अगुवाई में पार्टी के नवनियुक्त प्रवक्ताओं का मीडिया रणनीति और संचार पर एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण बीते दिवस रायपुर के राजीव भवन में आयोजित किया गया। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा समेत मुख्यमंत्री के सलाहकार विनोद वर्मा,रुचिर गर्ग व पीसीसी प्रवक्ता संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला के मार्गदर्शन मे पार्टी प्रवक्ताओं के लिए खास गाइडलाइन जारी की गई। इस गाइडलाइन के अनुसार,पार्टी प्रवक्ताओं से संक्षिप्त शब्दों में अपनी बात कहने,मीडिया के सामने उत्तेजित होने से बचने जैसे सुझाव दिए गए हैं। साथ ही प्रेस ब्रीफिंग कैसे तैयार की जाए और किस वक्त करें, इसके भी सुझाव दिए गये। अपने संबोधन में आईसीसी के प्रवक्ता पवन खेड़ा ने छग कांग्रेस के प्रवक्ताओं की तारीफ करते हुए राजनैतिक ज्ञान कौशल को अन्य प्रदेश के कांग्रेस प्रवक्ताओं के लिए अनुकरणीय बताया। खेड़ा ने कहा कि सीएम भूपेश बघेल के नेतृत्व मे सरकार ने 5 साल बहुत अच्छा काम किया है और छग अब विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल होने की ओर अग्रसर है। पवन खेड़ा ने प्रवक्ताओं को पार्टी की मजबूत आवाज बताते हुए कहा कि जो ब्रह्मास्त्र प्रवक्ताओं के पास है उसका उपयोग अब सरकार के मजबूत पहलूओं को रेखांकित करते हुए मीडिया बयान व डिबेट के दौरान मजबूती से आम जनता व मतदाताओं तक पंहुचाने का काम करें। खेड़ा ने प्रवक्ताओं को अपनी बात सम्मान के साथ तथा आंकड़ों व तथ्यों के मीडिया मे जाहिर करने को जरुरी बताया। चुनाव के समय कांग्रेस के उम्मीदवार, सरकार व नेताओं के विरुद्ध विपक्षी दलों की ओर से होने वाली हर गलतबयानी,मिथ्या व भ्रामक आरोप का तथ्यपरक पलटवार करने को जिम्मेदारी बताते हुए पवन खेड़ा ने प्रवक्ताओं को तैयार रहने की नसीहत दी। खेड़ा ने कहा कि कांग्रेस ही एक मात्र पार्टी है जहां झूठ के लिए जगह नहीं। प्रवक्ता छ.ग. सरकार की योजनाओं को जनता के बीच तथ्य परख रखते हैं तो बुद्धिजीवियों में न सिर्फ गंभीरता से लिया जाता है बल्कि कांग्रेस के जन हितैषी मुद्दों की तारीफ भी होती है। इसी कड़ी में सीएम सलाहकार व शोसल एक्टिविक्स विनोद वर्मा ने भी कांग्रेस प्रवक्ताओं को आवश्यक टिप्स देते हुए कहा कि मीडिया प्रभार से जुड़े पदाधिकारियों को डिबेट के विषय व उससे जुड़े जवाब की पूरी जानकारी होनी चाहिए। उत्तेजना में या ऑफ द रिकॉर्ड कुछ कहने से बचने का प्रयास करना चाहिए। समय का पाबंद और टीवी पर डिबेट के दौरान अपने लुक पर भी विशेष ध्यान देने की जरुरत विनोद वर्मा ने व्यक्त की। सरकार की योजनाओं से जुड़े हर विषय से ना केवल अपडेट रहने बल्कि निगेविट मुद्दों को भी पाजिटीव दिशा देने का हुनर प्रवक्ताओं को आना चाहिए। बयान देते समय सावधानी बहुत जरुरी है। विनोद वर्मा ने सभी प्रवक्ताओं को एक विषय पर मीडिया में दिए जाने वाले बयान में एक रुपता होने को सबसे जरुरी बताया। प्रशिक्षण की अगली कड़ी में सीएम सलाहकार रुचिर गर्ग ने कहा कि कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में आत्मविश्वास की कोई कमी नहीं है और विपक्ष भी इसे भलीभांति जान व समझ रहा है। हम सबको नफ रत और झूठ के खिलाफ डटकर मुकाबला करना है। रुचिर ने प्रवक्ताओं को नसीहत देते मीडिया के सवालों से पैनिक ना होने और किसी बात पर नो कमेंट जैसे जवाब नहीं देने की बात कही और मतलबी सत्ता बनाम जनसरोकार की सरकार के बीच छिड़ी लडाई को जरुरी बताते हुए इस समर में पार्टी प्रवक्ताओं को सबसे महत्वपूर्ण अंग बताया। वक्ताओं ने कांग्रेस में प्रवक्ताओं के सम्मान व उनके महत्व का निरंतर ध्यान रखने की बात भी बारंबार दोहराई। कार्यक्रम का संचालन पीसीसी संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने किया। इस दौरान शैलेष नितिन त्रिवेदी,सुरेन्द्र शर्मा,राजेन्द्र तिवारी,आर पी सिंह, धनंजय सिंह ठाकुर,घनश्याम राजू तिवारी,शिव ठाकुर,अजय साहू, राधिका खेरा अभयनारायण राय विशेष तौर पर मंचस्थ रहे। साथ ही रायगढ़ से वरिष्ठ प्रवक्ता हरेराम तिवारी रुपेश दुबे,रितेश यादव,नितिन भंसाली,परवेज अहमद,संजय देवांगन अजय गंगवानी समेत प्रदेश के सभी जिलों से नवनियुक्त प्रवक्ताओं ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में महिला प्रवक्ताओं की भी मौजूदगी रही।

## एक नजर

# फिर भूल कर रहे राजनेता एक विशेष परिवार को लेकर चलने से हो सकता बड़ा नुकसान

जोहार छत्तीसगढ़–बेमेतरा।

नवागढ़ विधानसभा विशेष आगामी विधानसभा चुनाव 2023 में चुनावी रणभूमि में एक विशेष परिवार को लेकर चलना सुरक्षित विधानसभा के उम्मीदवारों को भारी नुक़सान उठाना पड़ सकता है। सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र में आम मतदाताओं की राय स्पष्ट रूप से इस विषय पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे हैं। क्षेत्र की जनता उम्मीदवार के वर्चस्व नहीं बल्कि क्षेत्र की विकास कार्यों एवं आम नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अपनी मताधिकार करेंगे। विगत कई वर्षों से एक ऐसे परिवार को लेकर चला जिसका विधानसभा क्षेत्र में सौ वोट नहीं है उनको ही अपना पूरा श्रेय दिया और वो समाज जिनका संख्या और जनाधार है उनको नेतृत्व आज तक नहीं चुना गया जनता इस बार ऐसे प्रत्याशीयों को नो एंट्री करने वाले हैं। लगातार क्षेत्र की जनता विजयी प्रत्याशीयों से मिलने के बजाय उनके द्वारा रखे बेईमान,नमक हराम,फूट डालकर राजनीतिक रोटियां खाने वाले की नेतृत्व वाली पार्टी का खुलकर विरोध आम मतदाता करेंगे। पैराशूट से उतारे गए प्रत्याशियों की जमानत राशि हो सकती है जप्त,जनता ने ठानी की हम सुधरेंगे तो विधानसभा प्रत्याशी सुधरेंगे। एक परिवार को लेकर चलने वाले उम्मीदवारों की होगी नो एंट्री

## क्षेत्र की ताजा सर्वे

राजनीतिक उम्मीदवार देख समाजिक बैठक का दौर जारी,आम नागरिकों की हित करने वाले व क्षेत्र की सर्वांगीण उन्नति की हो राह,दल बदलू, हरामखोर, विशेष परिवारवाद,वंशवाद,की चलका चलौकी बर्दास्त नहीं। क्या होगा जब क्षेत्र की जनता नि:स्वार्थ होकर चुनाव करेंगे अपनी नेता का जाति आधारित समीकरण से दूर शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा होगा विजयी प्रत्याशीयों का नाम।

### ट्रेनों की कोच में दी गई सुविधा

# आधुनिक सिस्टम आग और धुएं को डिटेक्ट कर यात्रियों को करेगा सतर्क

**कोरबा** । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने अपने सभी एसी कोच में फायर स्मोक डिटेक्शन व सप्रेशन प्रणाली से लैस कर लिया है। इससे ट्रेन में आग लगने जैसी आपात स्थिति से निपटने में सफलता मिलेगी। कोरबा से चलने वाली छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस व शिवनाथ पैसेंजर कम एक्सप्रेस समेत 415 एसी कोच व 50 पावर कारों में सिस्टम लगाया गया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे एसईसीआर द्वारा यात्रियों की सुविधाए सुरक्षा और बेहतरीन यात्रा अनुभव के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इसके तहत एसईसीआर के सभी एसी कोच में फायर एंड स्मोक डिटेक्शन सिस्टम के अंतर्गत लगभग आठ.11 स्मोक सेंसर लगाए गए हैं, जो कोच के शौचालयों के गैंगवे एरिया और कोच के अंदर उपयुक्त स्थान पर लगे हैं। स्मोक डिटेक्शन एक लूप में कंट्रोल माड्यूल से जुड़ा होता है। आग लगने की स्थिति में यह कंट्रोल माड्यूल आडियो विजुअल साउंड अलार्मए लाइट इंडिकेटरए प्रीलोडेड घोषणा के लिए पीए सिस्टम और ब्रेक का स्वचालित रूप से कार्यरत हो जाएगा तथा ट्रेन को रोककर और यात्रियों को सतर्क करने में मदद करता है।

यहीं नहीं एसईसीओआर में ट्रेनों के पावर कार एवं पैंट्रीकार में भी एडवांस फायर एंड स्मोक डिटेक्शन एंड सप्रेशन सिस्टम के तहत एस्पीरेशन एवं हीट टाइप फायर एंड स्मोक डिटेक्शन सेंसर्स, सप्रेशन आउटलेट, पीएलसी पैसेंजर अलार्म बजर आदि उपकरण लगाए गए हैं। इसके अतिरिक्त एसी कोचों में धूमपान करने वाले भी चिन्हित किए जा सकते हैं ।ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऐसे धू्रमपान करने वालों से सहयात्रियों को दिक्कत होती है तथा ट्रेनों में आगजनी की घटना होने की संभावना रहती है। अब चलती ट्रेनों में धू्रमपान से और धुंआ उठते ही अलार्म अलर्ट कर देगा । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में पहले पेंट्रीकार से गैस के सिलेंडर हटाया जा चुका है।

# 40 वर्ष की अकादमिक सेवा में टीचिंग को दी प्राथमिकता: डॉ. श्रीवास्तव

**कोरबा** । आपके जीवन का लक्ष्य क्या है, जीवन में क्या बनना चाहते हैं, ये तो मैं नहीं जानता पर अगर आप बीएससी कर रहे हैं, बीसी, पढ़ रहे हैं या गणित से जुड़े हुए हैं तो आपका दिमाग हमेशा खुला रहेगा और आप जो भी रास्ता चयनित करोगा। वह आपके लिए आसान होता चला जाएगा। बल्कि मेरा अनुभव तो यह भी कहता है कि जिनका बैग्राउंड गणित से है, वे पीएससी और यूपीएससी जैसे कठिनतम प्रतियोगी परीक्षाओं में भी अपेक्षाकृत ज्यादा सफल रहे हैं।

यह बातें शासकीय ई राघवेंद्र राव स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय के गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डा यूके श्रीवास्तव ने कमला नेहरु महाविद्यालय कोरबा में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहीं। एक कार्यक्रम में शामिल होने कोरबा पहुंचे डा श्रीवास्तव ने कमला नेहरु कालेज के प्राचार्य डा प्रशांत बोपापुरकर के आग्रह पर अपना कुछ वक्त कालेज के विद्यार्थियों को अपना महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया। इस दौरान उन्होंने विज्ञान, गणित, आइटी और कंप्यूटर साइंस समेत विभिन्न विषय–संकाय के छात्र–छात्राओं को करियर और प्रतियोगी परीक्षाओं के साथ विज्ञान व गणित में अनेक महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अपने अनुभव साझा किए।

# विकासखंड बेरला और नवागढ़ की सरकारी उचित मूल्य दुकानों में उपभोक्ता मतदाताओं को किया जाएगा जागरूक

### उपभोक्त ा मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलायी जाएगी

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2023 में कोई भी मतदाता मतदान करने से ना छूटे। इसे ले कर जिला प्रशासन निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशन में स्वीप कार्यक्रम चला रहा है। जिले की युवा शक्ति भी इस कार्यक्रम में जुड़ी है। अनुविभाग बेरला और नवागढ़ अंतर्गत 16 अक्तूबर को शासकीय उचित मूल्य दुकानों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जिला खाद्य अधिकारी नितिन त्रिवेदी ने कार्यक्रम की रूप रेखा बतायी कि उपभोक्ताओं को मतदान की शपथ दिलायी जायेगी। शासकीय उचित मूल्य दुकान खर्रा आईडी 432011010 समय 10.30 बजे,शासकीय उचित मूल्य दुकान बेरला ,शहरी, आईडी 431019001 प्रात: 11.00 बजे, शासकीय उचित मूल्य दुकान देवरबीजा आईडी 432011053 समय 12.00 बजे और शासकीय उचित मूल्य दुकान सिंघौरी आईडी 432011055 समय 12.30 बजे कार्यक्रम किए जायेंगे। इसी दिन अनुविभाग नवागढ़ अंतर्गत निम्नलिखित शासकीय उचित मूल्य दुकानों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। शासकीय उचित मूल्य दुकान नवागढ़ शहरी, आईडी 431021001 समय सुबह 08.00 बजे,शासकीय उचित मूल्य दुकान नवागढ़ शहरी, आईडी 501021003 सुवह 9,00 बजे,शासकीय उचित मूल्य दुकान रनबोड़ आईडी 432012061 प्रात: 10 बजे और शासकीय उचित मूल्य दुकान प्रतापपुर आईडी 432012007 समय 12 बजे से कार्यक्रम आयोजित होंगे।

# नवरात्रि के प्रथम दिवस मां दुर्गा के नौ रूप मां दुर्गा की पूजा अर्चना की

जोहार छत्तीसगढ़–बेमेतरा।




शारदीय नवरात्र का पर्व नगर सहित आस–पास गांवों में स्थित देवी मंदिरों एवं दुर्गा पंडालों में श्रद्धा भक्ति के वातावरण में रविवार से आरंभ हो गया नवरात्रि के प्रथम दिवस मां दुर्गा के नौ रूपों में से एक मां शैलपुत्री रूप की पूजा अर्चना की गई। नवरात्रि पर्व पर देवी मंदिरों में मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की गई है तथा जावरा भी बोया गया है। नगर में किले के मध्य स्थित प्राचीन शक्तिपीठ मां महामाया मंदिर में इस पर्व में 111 मनोकामना ज्योति प्रज्वलित हो रही है मंदिर के प्रमुख कर्ताधर्ता राजीव गिरी ने बताया कि शुभ मुहूर्त में नगर पुरोहित पंडित रमाकांत मिश्रा के द्वारा घट स्थापना कर जवारा बोने के पश्चात मां महामाया की पूजा अर्चना व आरती कर मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की गई। इसी प्रकार नगर के प्रवेश द्वार पर स्थित मावली माता मंदिर में आस्था के 156 ज्योति जल रही है नवरात्र के चलते देवी मंदिरों एवं दुर्गा पंडालों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है नगर में इस पर्व में राधाकृष्ण मंदिर चौक, बस स्टैंड तथा वार्ड 9 में कोलकाता के कारीगरों द्वारा बनाई गई मां दुर्गा की भव्य व आकर्षण मूर्ति की स्थापना की गई है दुर्गा समितियों के सदस्य व्यवस्था बनाने व माता सेवा में लगे हुए हैं देवी मंदिरों में घट स्थापना के पश्चात देर शाम तक दुर्गा पंडालों में मां दुर्गा की मूर्ति स्थापना होती रही।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) लैलूंगा, जिला रायगढ़ ( छ.ग. )**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. / अ–2/2022–2023

ग्राम लैलूंगा प.ह.नं. 37 रा.नि.मं. लैलूंगा

एतद् द्वारा सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि आवेदक दयाराम पिता वेणुधर जाति सोढ़ी, निवासी ऐंकरा, तहसील लैलूंगा जिला रायगढ़ (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 172 छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत कर मौजा लैलूंगा में स्थित अपने भूमि ख.नं. 301/11 रकबा 0.0280 हे. भूमि को आवसीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित बी–1, खसरा, ले–आउट नक्शा, प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई उजर/आपत्ति हो तो वह नियत दिनांक 13.10.2023 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 29.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया।

(मुहर)

**अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) लैलूंगा जिला रायगढ़ ( छ.ग. )**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) लैलूंगा, जिला रायगढ़ ( छ.ग. )**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. / अ–2/2022–2023

ग्राम लैलूंगा प.ह.नं. 37 रा.नि.मं. लैलूंगा

एतद् द्वारा सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि आवेदक चाहत अग्रवाल पिता राजेश अग्रवाल जाति अग्रवाल, निवासी ऐंकरा, तहसील लैलूंगा जिला रायगढ़ (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 172 छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत कर मौजा लैलूंगा में स्थित अपने भूमि ख.नं. 40/21 रकबा 0.022 हे. भूमि को आवसीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित बी–1, खसरा, ले–आउट नक्शा, प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई उजर/आपत्ति हो तो वह नियत दिनांक 13.10.2023 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 29.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया।

(मुहर)

**अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) लैलूंगा जिला रायगढ़ ( छ.ग. )**



# मां दुर्गा स्थापना के पूर्व गाजे बाजे के साथ निकली कलश यात्रा

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

शारदीय नवरात्र का प्रथम दिवस है। माता के भक्तगण जगह-जगह भक्तिभाव से माता की स्थापना कर पूजा अर्चना करते हैं। धरमजयगढ़ क्षेत्र में भी अनेकों स्थान पर माता की स्थापना कर दुर्गा पूजा एवं दशहरा उत्सव मनाया जाता है। बस स्टैंड में आज स्थापना से पहले कलश यात्रा निकाली गई। कर्मा नृत्य के अगुवाई में गायत्री मंदिर से कलश यात्रा गांधी चौक होते हुए बस स्टैंड पहुंची। नीचेपारा दुर्गा समिति द्वारा भी कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा से नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया। नौ दिनों तक माता की पूजा अर्चना के साथ साथ प्रतिदिन भोग भंडारा प्रसाद वितरण किया जाता है। वहीं रात्रि में माता का जगराता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

**एक नजर**

## सक्ती विधानसभा में विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक होंगे आमने-सामने

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।





नवरात्र के पहले दिन कांग्रेस ने सक्ती विधानसभा में अपने उम्मीदवार का नाम फाइनल कर दिया है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत दूसरी बार चुनावी मैदान में होंगे। 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा के मेघाराम साहू को जबरदस्त पटकनी देते हुए उन्होंने 30 हजार से भी अधिक वोटों से जीत दर्ज की थी। इस बार उनके सामने भाजपा ने पूर्व विधायक डॉक्टर खिलावन साहू को टिकट देकर चुनावी मैदान में उतारा है। डॉ चरणदास महंत की धर्मपत्नी सांसद कोरबा ज्योत्सना महंत ने सक्ती में चुनावी जिम्मेदारी निभाते हुए प्रचार का जिम्मा संभाल लिया है। इधर डॉ. खिलावन साहू भी धुआं धार क्षेत्र में जन संपर्क कर रहे हैं। दोनों के बीच बड़ी टक्कर होने की संभावना है।

# आबकारी विभाग ने जंगल में नष्ट किया अवैध शराब का बड़ा अड्डा

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़-बिलाईगढ़।



आगामी विधानसभा निर्वाचन के परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी द्वारा अवैध शराब पर कार्यवाही हेतु दिए गए निर्देश के परिपालन में आचार संहिता प्रारंभ होने के पश्चात आबकारी विभाग द्वारा बड़ी कार्यवाही की गई है। वृत्त सारंगढ़ प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक विकास पाल सांडे को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की लात नदी के किनारे गुड़ेली के जंगलों में भारी मात्रा में अवैध शराब का निर्माण किया जा रहा है । सूचना मिलते ही आबकारी अमला नाव से नदी पार कर जंगल पहुंचा जहां दस लीटर क्षमता वाले 09 पॉलीथिन में भरी हुई 90 लीटर महुआ शराब, 15 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक बाल्टी में भरी हुई 15 लीटर महुआ शराब और प्लास्टिक बोरी के अंदर ब्लाडरनुमा पॉलीथिन में भरी हुई 20 लीटर महुआ शराब समेत कुल 125 लीटर महुआ शराब, कीमत 25000 रुपए, और 40 प्लास्टिक बोरियों में से प्रत्येक में 25-25 किलोग्राम महुआ लाहन समेत कुल 1000 किलोग्राम महुआ लाहन, कीमत 50000 रुपए, बरामद हुआ। इसके साथ ही अवैध शराब निर्माण की सामग्री भी जप्त की गई।





# पूर्ण तैयारी के साथ प्रारंभ हुई नवरात्रि महापर्व भक्तगण कर सकेंगे मां महामाया के दर्शन

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



नवरात्रि पर्व आज से प्रारंभ हो गया महामाया मंदिर में घट स्थापना के साथ ही मंदिर के पट खोल दिए गए,मंदिर के पट खुलते ही श्रद्धालुओं को दर्शन लाभ मिलने लगा। आज नवरात्रि का पहला दिन और प्रथम दिन ही रविवार छुट्टी के दिन होने से मां महामाया के दरबार में लोगों की भीड़ देखी जा रही है मंदिर सुबह 5 बजे से रात्रि 12 बजे तक दर्शनार्थियों के लिए खुले रहेंगे और दर्शनार्थी सुबह से लेकर रात तक दर्शन प्राप्त कर सकते हैं वहीं सप्तमी के दिन 24 घंटे मंदिर के पट खुले रहेंगे।

नवरात्रि के दौरान जस गीत का भी आयोजन होगा। जस गीत रात्रि 9 बजे से सुबह 4 बजे तक जस गीत मंडली के द्वारा जस गीत का आयोजन चलता रहेगा और हर नवरात्रि में होने वाले यज्ञ भी यथावत जारी रहेगा। मंदिर ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी अरुण शर्मा ने बताया कि इस बार भीड़ को देखते हुए व्यवस्था बनाई गई है शारदीय नवरात्रि होने की वजह से काफी भीड़ होने की आशंका है जिस पर मंदिर ट्रस्ट के सभी पदाधिकारी के साथ सहयोगी गण व्यवस्था में लगे हुए हैं और नवरात्रि पर्व मैं महामाया मंदिर ट्रस्ट के द्वारा लोगों की सुविधा के लिए पेयजल एवं ठहरने के लिए नि:शुल्क धर्मशाला व्यवस्था की गई है इस बार नवरात्रि में 29,000 ज्योति कलश जलाए जा रहे हैं जिसमें 2900 घी के और 24,910 तेल के 1190आजीवन मनोकामना दीप प्रज्वलित होंगे, नवरात्री में श्रद्धालुओं को को मंदिर पहुंचने में किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो इसके लिए पुलिस प्रशासन भी व्यवस्था बनाने में मुस्तैद नजर आ रही है और वाहनों को व्यवस्थित करते हुए आवागमन को सुगम बनाने में जुटी हुई है वही बताया गया कि सप्तमी की रात पदयात्री में श्रद्धालुओं को वापसी जाने के लिए 50 बस की व्यवस्था की गई है, आम जनता के लिए भंडारा की भी व्यवस्था की गई नवरात्रि के पहले दिन से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली।

*23 के रण में 30 पर सियासतः सांसद सरोज पांडेय का कांग्रेस पर सियासी हमला*

# कांग्रेस ने केवल 30 घिसे-पिटे चेहरे किए जारी, सूची के साथ ही हार तय



**रायपुर।** कांग्रेस ने 90 में से 30 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर दी है. जिसे लेकर सांसद सरोज पांडेय ने तंज कसा है. सरोज पांडेय ने कहा, मुहूर्त देखकर सूची जारी की वो भी मात्र 30 लोगों की.

आश्चर्य की बात है, पुराने चेहरे को ही टिकट दिए हैं. कांग्रेस ने केवल 30 घिसे-पिटे चेहरे जारी किए, जिनका मैदान में कही कोई औचित्य नहीं है.कांग्रेस की सूची के साथ ही हार तय है.

आगे सरोज पांडेय ने कहा, हम पर आरोप लगाने वाले कांग्रेस पार्टी अपने गिरेबान में झांके. Bjp ने 43 नए नामों को मैदान में उतारा है. जनता भरपूर आशीर्वाद दे रही है. Bjp के चेहरे ऊर्जावान हैं, नए चेहरे में भविष्य की संभावना दिखाई पड़ती है. जो प्रदेश का नेतृत्व करेंगे. बाकी 30 नाम मुख्यमंत्री को छोड़कर सभी पर कोई न कोई आरोप है. थाने में केस है.

गुरु रुद्र कुमार को टिकट दिए जाने पर सांसद सरोज पांडेय ने कहा, गुरु रुद्र अपने क्षेत्र में जीत नहीं सकते थे. गुरु रुद्र ने भ्रष्टाचार में पूरा सहयोग किया, इसलिए उनकी सीट बदल दिया. 30 के 30 में कांग्रेस का सूपड़ा साफ है.

### छन्नी साहू क्या महिला नहीं थी- सरोज पांडेय

वहीं महिला विधायक की टिकट काटने पर सरोज पांडेय ने कहा, कांग्रेस की लीडर प्रियंका गांधी उत्तरप्रदेश जाती हैं,

# कांग्रेस के राज में कांग्रेस नेता की जमीन मकान में कब्जा करने की कोशिश

कांग्रेस नेता ने आईजी से लगाई गुहार,अपराधियों से सुरक्षा एवं गिरफ्तारी की मांग

जोहार छत्तीसगढ़-बिलासपुर।



अपराधगढ़ से मशहूर होते जा रहा है प्रदेश का दूसरा सबसे बड़ा शहर बिलासपुर जहां अपराध रुकने का नाम नहीं ले रहे है आए दिन बिलासपुर में अपराध का ग्राफ बढ़ता जा रहा है और बिना एक्शन के पुलिस मूक दर्शक की भूमिका में नजर आ रही हे शहर में के थानों में यदि कोई आम आदमी शिकायत लेकर जाए तो उसकी शिकायत तक नहीं ली जाती जांच की बात तो बहुत दूर की बात है आरोपी की गिरफ्तारी तो आप भूल ही जाओ। ऐसा ही एक मामला बिलासपुर के राजकिशोर नगर स्थित कांग्रेस नेता अमीन मुगल के मकान में कुछ

**जिस पार्टी की सरकार उसी के नेता की शिकायत लेने से सरकंडा थाना प्रभारी ने किया इंकार**

असमाजिक तत्व घुस कर मकान खाली करने का दबाव बनाने लगे गाली गलौज करने लगे जिसका कांग्रेस नेता न विरोध दर्ज किया और 112 पुलिस को कॉल कर दिया पुलिस आती उसके पहले ही असमाजिक तत्व वहा भाग गए।

### सरकंडा थाना प्रभारी ने शिकायत लेने से इंकार कर दिया

*कांग्रेस नेता अमीन मुगल ने उनके घर में हुई असमाजिक तत्वों के द्वारा को गई गुंडागर्दी की शिकायत एवम उनके घर में लगे कैमरे के फुटेज लेकर सरकंडा थाने गए लेकिन प्रभारी ने उनकी शिकायत लेने से मना कर दिया उसके बाद कांग्रेस नेता ने बिलासपुर आईजी को इसकी शिकायत की ओर असमाजिक तत्वों पर कार्यवाही की शिकायत की ओर परिवार को सुरक्षा प्रदान करने को कहा।*

# गेरसा गांव में कांग्रेस का भव्य कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित, सैकड़ों लोगों ने थामा कांग्रेस का दामन

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



चुनावी सरगर्मी के बीच शनिवार को धरमजयगढ़ में कांग्रेस ने भव्य कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया। जिसमें आसपास के कई गांवों के लोग शामिल हुए। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गेरसा के सोसायटी प्रांगण में सेक्टर स्तरीय कार्यकर्त्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें धरमजयगढ़ के निवर्तमान विधायक लालजीत सिंह राठिया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम से पूर्व कार्यकर्ताओं के द्वारा गांव में रैली निकाली गई जिसमें लालजीत भी शामिल रहे। सम्मेलन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी के साथ लालजीत राठिया का स्वागत किया। जिसके बाद औपचारिक परंपराओं व मनमोहक नृत्य के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम के दौरान निवर्तमान विधायक लालजीत ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए एकजुटता के साथ चुनावी मैदान में फतह हासिल करने की बात कही। इस सम्मेलन में ऐतिहासिक व बड़ा राजनीतिक परिदृश्य सामने आया जब बीजेपी का गढ़ माने जाने वाले गेरसा गांव में आयोजित इस कार्यक्रम में करीब 100 से अधिक ग्रामीणों ने निवर्तमान विधायक लालजीत के सामने कांग्रेस प्रवेश किया। कांग्रेस ने इसे श्भूपेश है तो भरोसा है के नारे के प्रति जनता का विश्वास बताया।




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in